



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 126 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 05 फरवरी 2024 डाक 06 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**



नई दिल्ली के किराड़ी में एक सरकारी स्कूल के शिलान्यास समारोह के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी सिंह

**देश-विदेश**

आपकी यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती... भारत में बिताए लम्हों को मैक्रों ने किया साझा तो पीएम मोदी ने यूं जताई खुशी



**फीचर पेज**

यादाश्त बढ़ाने में मदद कर सकते हैं ये 5 खाद्य पदार्थ



# छ.ग.की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित, राज्यपाल बोले- प्रदेश में न्याय, राहत और विकास का नया दौर शुरू हुआ





**रायपुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र) राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के अभिभाषण के साथ सोमवार को शुरू हो गया। अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही पहले 5 मिनट इसके बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अभिभाषण के दौरान विपक्षी विधायकों ने जमकर टोंकाटाकी की। विधानसभा पहुंचने पर राज्यपाल हरिचंदन का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्वागत किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्ष 2024 में आयोजित इस प्रथम सत्र में आपका हार्दिक अभिनंदन करता हूं। आप सभी को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा का गठन दिसम्बर 2023 में हुआ था। 20 दिसम्बर 2023 को नवगठित विधानसभा के प्रथम सत्र के अपने अभिभाषण में मैंने कहा था कि मेरी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री माननीय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी तथा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्शों और सिद्धांतों के अनुसार छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया दौर प्रारंभ करने के लिए संकल्पबद्ध है। मुझे खुशी है कि अल्प अवधि में मेरी सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिसके कारण प्रदेश में न्याय, राहत और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। मेरी सरकार ने ''समृद्ध किसान-संपन्न प्रदेश'' की अवधारणा पर तेजी से अमल साल के धान के बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी गई है। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा भी निभाया गया और धान खरीदी की पारदर्शी और सुगम व्यवस्था भी की गई, जिससे इस वर्ष छत्तीसगढ़ में अब तक का सर्वाधिक धान खरीदी का कीर्तिमान स्थापित हुआ है।''जनजाति उत्थान-प्रदेश का मान'' ध्येय वाक्य अनुसूचित जनजाति के जीवन से जुड़े सभी पहलुओं पर मेरी सरकार की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को प्रकट करता है। बच्चों की शिक्षा से लेकर पूरे समुदाय की संस्कृति, स्वास्थ्य, आवश्यक अधोसंरचना, रोजगार, जीवन स्तर उन्नयन जैसे सभी विषयों पर तेजी से काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के द्वारा पीवीटीजी अर्थात् विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों (बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं अबूझमाड़िया) को मूलभूत सुविधाओं जैसे-पक्के आवास गृह, संपर्क सड़कें, छात्रावास का निर्माण, शुद्ध पेयजल, विद्युतीकरण, बहुउद्देशीय केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा वनधन केन्द्रों का निर्माण, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल से परिपूर्ण करने हेतु मेरी सरकार कृत संकल्पित है।'प्रधानमंत्री आवास योजना'' के लाभ से वंचित लगभग 18 लाख हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराने का निर्णय कैबिनेट की पहली बैठक में लिया गया। इससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीन परिवारों को नया जीवन मिलेगा। वहीं मेरी सरकार घर-घर निर्मल जल पहुंचाने के लिए श्जल जीवन मिशनश् के कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु अग्रसर हुई है। यह मेरी सरकार की न्यायप्रियता और संवेदनशील नजरिए की एक बड़ी मिसाल है। सुदृढ़ पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से गांवों में गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना के साथ ही आजीविका के नए साधन पहुंचाने के लिए मेरी सरकार संकल्पबद्ध है। इससे प्रदेश के गांव आर्थिक स्वावलंबन, पारंपरिक सम्मान और सामाजिक चेतना के नए शक्ति केन्द्र बनेंगे। मेरी सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

''वन नेशन वन राशन कार्ड'' योजना, ''ई-पॉस मशीन'' के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मेरी सरकार ने ''प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना'' के अंतर्गत दिसम्बर 2028 तक निःशुल्क चावल प्रदाय करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में इस योजना से 67 लाख 94 हजार अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को मासिक पात्रता का चावल दिया जाएगा। महिलाओं का जीवन आसान बनाने में ''प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'' की बड़ी भूमिका रही है। इसके अंतर्गत प्रदेश में अब तक 36 लाख से अधिक नवीन गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। यह सुविधा भी शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाई जाएगी। मेरी सरकार ने पुलिस बल को अपने कर्त्तव्य निर्वहन हेतु सशक्त बनाने के लिए एक ओर उन्हें नई सुविधाओं से सज्जित करने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी ओर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय दृष्टिकोण से संवेदनशील कदम भी उठाए हैं। पुलिस बल को आधुनिक हथियार, दूरसंचार व अन्य आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर गुणवत्ता के उपकरण दिए जाएंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस अधोसंरचना के विकास हेतु लगभग 201 करोड़ रुपए की लागत से कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएंगे। मेरी सरकार प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने हेतु दृढ़ संकल्पित है तथा छत्तीसगढ़ को पूर्णतः नक्सल समस्यामुक्त राज्य बनाने हेतु कटिबद्ध है।

# संजय सिंह को शपथ लेने के लिए कोर्ट से मिली थी अनुमति, सभापति जगदीप धनखड़ ने नहीं दी इजाजत



**नईदिल्ली, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। समाचार एजेंसी के मुताबिक, आज शाम पांच बजे पीएम मोदी लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देंगे।इस बीच, भाजपा ने लोकसभा में अपने सभी सांसदों को मौजूदा बजट सत्र के चौथे दिन लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। लोकसभा चुनाव से पहले यह आखिरी संसद का सत्र है। ये सत्र 9 फरवरी को समाप्त होगा।

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह आज शपथ नहीं लें पाएंगे। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राज्यसभा सभापति ने संजय सिंह को सांसद के तौर पर शपथ लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। सभापति ने कहा कि मामला फिलहाल विशेषाधिकार समिति के पास है। संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हो गई है।

## सपा लोकसभा प्रत्याशी की जनसभा में युवक ने लगाया जय श्रीराम का नारा, और फिर सुरक्षा कर्मियों ने...

**फर्रुखाबाद।** सपा प्रत्याशी की जनसभा में एक युवक ने जय श्री राम के नारे लगा दिए। इससे सपाइयों ने उस युवक को वहां से हटाने को कहा। युवक को वहां से हटाने के बाद जनसभा जारी रही। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया है। इस वीडियो को उपमुख्यमंत्री ने भी अपने इंटरनेट मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए सपा पर तंज कसा। भोगपुर अतग्गापुर में सपा के लोकसभा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य के नेतृत्व में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा के दौरान सपा नेता भाषण दे रहे थे, उसी वक्त गांव के ही एक युवक ने जय श्री राम के नारे लगा दिए। इससे सपा प्रत्याशी ने उस युवक को वहां से हटाने के लिए कहा। डा. नवल किशोर शाक्य के सुरक्षा कर्मी ने युवक को वहां से हटा दिया। किसी ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। ग्राम प्रधान डालचंद्र शाक्य ने बताया कि युवक नशे में था। लोगों के समझाने पर युवक वहां से चला गया था।

# सुप्रीम कोर्ट में तेजस्वी यादव की याचिका पर आदेश सुरक्षित, मानहानि मामले को स्थानांतरित करने की है मांग

**नईदिल्ली, 05 फरवरी ।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने कथित केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि शिकायत को राज्य के बाहर किसी स्थान पर, विशेषकर दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है। जस्टिस ए एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यादव द्वारा दायर माफी के एक ताजा बयान को रिकॉर्ड पर लिया। बेंच ने कहा, हम आदेश पारित करेंगे। शीर्ष अदालत ने 29 जनवरी को यादव को अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को वापस लेते हुए एक उचित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था।

यादव ने 19 जनवरी को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपनी कथित गुजराती ठग टिप्पणी वापस ले ली। शीर्ष अदालत ने आरजेडी नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पहले आपराधिक मानहानि शिकायत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और इसे दायर करने वाले गुजरात निवासी को नोटिस जारी किया था। कथित आपराधिक मानहानि के लिए यादव के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत शिकायत दर्ज की गई थी।

## कानपुर देहात में दर्दनाक हादसा

# तिलक समारोह से लौट रही कार बेकाबू होकर नाले में गिरी, छह की मौत और दो घायल



**कानपुर, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

देहात में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक कार बेकाबू होकर नाले में गिर हई। हादसे में बीएसएफ जवान समेत छह लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कानपुर देहात में रविवार रात करीब दो बजे सिकंदरा के संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित नाले में पलट गई। कार सवार छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कार में फंसे दो बच्चों को सकुशल बचा लिया गया है। ये सभी औरैया जिले से तिलक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। रात में एसपी, एएसपी घटना स्थल पर पहुंचे। सभी को अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। परिवार फुफगाव, भिंड मध्यप्रदेश से तिलक समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। रविवार रात करीब दो बजे सिकंदरा के संदलपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित नाले में पलट गई।

कार सवार चालक विकास पुत्र रमाकांत (42), निवासी मुर्रा थाना डेरापुर, खुशबू पुत्री पंकज शर्मा (17), प्रतीक पुत्र पवन (10) शैलहा थाना शिवराजपुर कानपुर नगर, संजय उर्फ संजू पुत्र स्व. मोतीलाल (55) निवासी मुर्रा महोई थाना डेरापुर, प्राची पुत्री पंकज शर्मा (13) निवासी मुर्रा थाना डेरापुर कानपुर देहात की मौके पर ही मौत हो गई। निवासी मुर्रा थाना डेरापुर घायल हैं। उन्हें अस्पताल भेजा गया है। सभी शवों को मोर्चरी भेज दिया गया है। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति समेत अन्य अधिकारी मौके पर हैं।

## राजनेता बनने के बाद जनता के बीच पहली बार आए विजय, फैंस को कॉमरेड कहकर किया संबोधित

**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार दलपति विजय ने अपने अभिनय का सिक्का चलाने के बाद अब राजनीति की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने अपनी पार्टी के नाम का एलान कर दिया है। अभिनेता ने अपनी पार्टी का नाम तमिलागा वेट्री कजम रखा है। राजनीति में कदम रखने की घोषणा के बाद अभिनेता पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए हैं। विजय ने भी बड़ी शालीनता से प्रशंसकों के साथ एक सेल्फी ली। फैंस अभीनेता की एक झलक पाने के लिए उनके घर के सामने इकट्ठा हुए थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से राहत नहीं, कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**रांची, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

ईडी की कार्रवाई और अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें फिलहाल कोई राहत नहीं मिल पाई। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सोरेन की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा है। एजेंसी को आगामी 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए



12 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। सोरेन ने अपनी याचिका में कहा है कि ईडी ने उनके खिलाफ झूठे आरोप में मुकदमा किया है।उनकी गिरफ्तारी के पीछे भी कोई ठोस आधार नहीं है। सोरेन ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दाखिल की थी, लेकिन जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने हेमंत सोरेन को पहले झारखंड हाईकोर्ट जाने को कहा।ईडी के उपरोक्त अधिकारियों के माध्यम से मीडिया में भ्रम फैलाकर उन्हें आम जनता के बीच बदनाम करने की कोशिश की गई है।

# नफरती भाषण देने के आरोप में गुजरात एटीएस ने मौलाना को किया गिरफ्तार, दो दिन की रिमांड पर भेजा

**मुंबई, 05 फरवरी [एजेंसी]।**



मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। अजहरी पर भाषण के जरिए नफरत फैलाने का आरोप है। एटीएस ने अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया गया है। मुंबई डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत ने बताया कि घाटकोपर के साथ-साथ पूरे मुंबई में शांति है। पुलिस सड़कों पर मुस्तैद है। हर जगह शांति हैं। अफवाहों पर ध्यान देने से बचें। पुलिस की मानें तो मौलाना के खिलाफ धारा 153 (ए), 505 सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

मौलाना अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड के लिए आवेदन किया था। हमने इसका विरोध किया है। अजहरी को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। हमें नोटिस दिया जाना चाहिए लेकिन अभी तक हमें कोई नोटिस नहीं मिला है। मौलाना को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है। मौलाना को गुजरात एटीएस जूनागढ़ लेकर जाएगी।

## 43 केजी से ज्यादा गांजा बरामद, नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 43 किलो से ज्यादा अवैध गांजा बरामद किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपी गांजे की सप्लाई होटल में करते थे। थाना मंसूरपुर पुलिस ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 43 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। थाना मंसूरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्त – चुन्नू (32) और अल्लाऊद्दीन (38) को थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर नावला फ्लाई ओवर के नीचे नावला गांव जाने वाले रास्ते पर गेट के पास से गिरफ्तार किया है।

## सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई आज

# गोविंद देव गिरि बोले- 'मुस्लिम काशी-मथुरा भाईचारे से दे दें, तो सब कुछ भूल जाएंगे'



**वाराणसी, 05फरवरी [एजेंसी]।**

ज्ञानवापी प्रकरण में सोमवार का दिन अहम है। सुप्रीम कोर्ट विवादित परिसर के वजूखाना और आसपास के सील किए गए इलाकों के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग वाली हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वजूखाना क्षेत्र को 2022 में सील कर दिया गया था। हिंदू पक्ष के अनुसार, वजूखाना में फव्वारे जैसी संरचना वास्तव में शिवलिंग है। याचिका में कहा गया है, सील क्षेत्र के भीतर स्थित शिवलिंग को कोई नुकसान पहुंचाए बिना उसकी जांच और सर्वे के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक को निर्देश दिए जों। एएसआई को खुदाई और अन्य वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके पूरे सील क्षेत्र का सर्वेक्षण करना चाहिए और अपनी रिपोर्ट अदालत के समक्ष प्रस्तुत करनी चाहिए। इस बीच, 6 फरवरी को भी इसी मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट में अहम सुनवाई होगी। वाराणसी की जिला अदालत ने व्यास तलगृह में पूजा की अनुमति दी थी। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने पहले सुप्रीम कोर्ट और फिर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने तत्काल राहत देने से इनकार करते हुए मुस्लिम पक्ष को नई याचिका दायर करने के लिए कहा था, जिस पर सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

# उतरने लगा सरदार सरोवर बांध का बैकवाटर, दिखने लगे ऐतिहासिक स्थल व पुरातन मंदिर, पहुंचने लगे श्रद्धालु



**बड़वानी।** गुजरात के सरदार सरोवर बांध के बैकवाटर की जद में शामिल बड़वानी के राजघाट सहित अन्य गांवों से अब बैकवाटर उतरने लगा है। राजघाट क्षेत्र में बैकवाटर उतरने से यहां पर मौजूद पुरातन मंदिर और ऐतिहासिक स्थल अब दिखाई देने लगे हैं। हालांकि ये अभी भी आधे जलमग्न है। शाम के समय यहां पर मनोहारी नजारा उभरने लगा है। वहीं बैकवाटर के किनारे नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारी जारी है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
:- परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम मनाया गया

**कोरबा ।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में सीतामढ़ी स्थित कुम्हार मोहल्ला में मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। समिति के प्रवक्ता ने बताया कि आज का युवा पश्चिम सभ्यता की चकाचौंध में अपने धर्म ,कर्म ,कर्तव्य से विमुख होता जा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संत आसाराम आश्रम द्वारा पिछले कई वर्षों से 14 फरवरी वैलेंटाइन डे को मातृ पितृ पूजन के दिवस के रूप में मनाकर युवाओं व बच्चों को अपनी प्राचीन संस्कृति व सभ्यता से जोडने् का काम किया जा रहा है ।इसी कड़ी में सीतामढ़ी स्थित कुम्हार मोहल्ला में शिव मंदिर के पास मोहल्ले वासी एकत्रित कर श्री योग वेदांत सेवा समिति के द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया।

# गेवरा मुख्यालय के गेट जाम कर ग्रामीणों ने घंटों प्रदर्शन के साथ किया नारेबाजी

### ठोस आश्वासन के बाद गेट जाम समाप्त, पांच सोमवार को रोजगार में होगी भर्ती

**गेवरा//कोरबा।** प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों ने तीन फरवरी शनिवार को बेरोजगारों ने रोजगार की मांग को लेकर साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड मेगा प्रोजेक्ट एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के मुख्यालय के मुख्य गेट पर घंटो प्रदर्शन करते हुए गेट के सामने बैठकर रोजगार के नाम पर करते है तमाशा, इन अधिकारियों से क्या कर सकते है आशा ।। बेरोजगारी ने किया ऐसा हाल, अब तो मन स्थिति है बेहेल का ऐसा नारा लगाते हुए रोजगार की मांग किया ।ग्रामीण कुश बंजारा ने बताया कि एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के प्रभावित ग्राम से हैं और गेवरा क्षेत्र अंतर्गत चल रही आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं उक्त संबंध में प्रबंधन और सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों के साथ कई दौर का वार्ता भी हुआ है जिसमें बार-बार केवल आश्वासन ही मिलते आ रहा है रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है और कार्यरत कंपनी बाहर से लाकर भर्ती करते जा रही है भूविस्थापित लोग एसईसीएल प्रबंधन और कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों की कार्यालय की चक्कर काट रहे हैं ।ग्रामीणों ने पूर्व में ही बेरोजगारों की रोजगार की मांग को लेकर 30 जनवरी को एसईसीएल प्रबंधन व प्रशासन को ज्ञापन देकर स्मरण व अवगत कराया गया था लेकिन पत्र व्यवहार करने के उपरांत इस विषय पर कोई सार्थक पहल व रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया इस वजह से एसईसीएल गेवरा मुख्यालय के मुख्य गेट पर गेट जाम कर प्रदर्शन करते हुए रोजगार की मांग कर रहे हैं । एसईसीएल प्रबंधन की ओर से नव पदस्थ क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अजय बेहरा ने ठोस आश्वासन देते हुए 5 फरवरी सोमवार को आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी तब कहीं जाकर गेट जाम आंदोलन को समाप्त किया गया

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है अफसर को अगर भर्ती प्रक्रिया वादा के अनुरूप नहीं हुआ तो संपूर्ण खदान व कोल परिवहन को बाधित करने के लिए बाध्य होंगे ।

# अनशनरत भू-विस्थापितों की तबीयत बिगड़ी

### इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल



**कोरबा।** एनटीपीसी के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे भू-विस्थापितों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। यह खबर मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अफसरों ने आंदोलन में शामिल पांच भू-विस्थापितों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया है, जबकि अन्य सदस्यों ने साफ तौर पर अस्पताल जाने से इनकार कर दिया। उन्होंने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन जमनीपाली दर्री के लिए वर्षों पहले चारपारा कोहड़िया सहित कुछ अन्य गांव की जमीन अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण के दौरान भू-विस्थापितों को मुआवजा के अलावा नौकरी व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें सालों बाद भी नौकरी व अन्य सुविधाएं नहीं मिल सकी। इसे लेकर लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं। इस दौरान कई मर्तबे भू-विस्थापितों और एनटीपीसी प्रबंधन के बीच प्रशासनिक अफसर की मौजूदगी में बैठक की गई। इसके बावजूद भू-विस्थापितों की समस्या का निराकरण नहीं हुआ। कुछ माह पूर्व तत्कालीन कलेक्टर ने नौकरी के आश्वासन तो दिए लेकिन उनके आश्वासन के बाद भी किसी तरह की पहल नहीं हुई, जिससे आक्रोशित भू-विस्थापितों ने परिवार सहित तानसेन चौक में एनटीपीसी प्रबंधन और जिला प्रशासन के खिलाफ आमरण अनशन शुरू कर दिया है। 30 जनवरी से चलने वाले इस आमरण अनशन के छठवें दिन अचानक एक भू-विस्थापित की तबीयत बिगड़ गई। यह खबर मिलते ही प्रशानिक अफसरों के हाथ पांव फूल गए। वे तत्काल हरकत में आ गए। प्रशासन की ओर से तहसीलदार व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने राजन पटेल, घसिया राम, रामायण, शुभम केंवट व एक अन्य को संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया, जहां भू-विस्थापितों को दाखिल कर उपचार कराया जा रहा है। खास बात तो यह है कि आमरण अनशन में बैठी बुजुर्ग महिला सहित अन्य सदस्यों ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया। उन्होंने साफतौर पर कहा है कि जब तक प्रशासन की ओर से नौकरी संबंधी लिखित पत्र जारी नहीं किया जाता है, वे आमरण अनशन समाप्त नहीं करेंगे। बहरहाल भू-विस्थापितों की तबीयत बिगड़ने के बाद प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

# बालको कर्मी से 4.51 लाख की ठगी मामले में एक्सिस बैंक के प्रबंधक व अन्य पर मामला दर्ज




**कोरबा।** के अधिकारी के निजी क्रेडिट कार्ड से साढ़े चार लाख रूपये की ठगी हो गई। निराकरण के नाम पर अंधेरे में रखने वाले एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक, कॉल सेंटर के कर्मचारी व अन्य पर अपराध दर्ज किया गया है।प्रार्थी विजय कुमार साहू 42 वर्ष पिता एस.एस. साहू निवासी इंदिरा मार्केट थाना बालको नगर बालको प्लांट में एच आर पदस्थ है। उसका निजी खाता सन 2019 से एक्सीस बैंक में है। बैंक से जारी निजी क्रेडिट कार्ड खाता से 19.11.2023 को दोपहर 1.45 बजे मोबाईल मे मैसेज के माध्यम से जानकारी हुई कि निजी क्रेडिट कार्ड खाता क्रमांक के लिमिट राशि को हैक कर उसमे से 414831 रुपये एवं 36424 रुपये कुल 451255 रुपये ठगी कर लिया गया। प्रार्थी द्वारा तत्काल 1.35 बजे एक्सिस बैंक के काल सेंटर 1860419555 जो कि क्रेडिट कार्ड के पीछे अंकित था, में कॉल किया गया जिसका शिकायत नंबर 00002086928 है। शिकायत दर्ज करने की जानकारी ई मेल आईडी में भी दिया गया। एक्सीस बैंक के काल सेंटर के द्वारा 19.11.2023 को 1.40 बजे तत्काल क्रेडिट कार्ड खाता को ब्लाक किया गया और बचत खाता को भी ब्लाक कर दिया गया और कहा गया कि आहरण रकम सुरक्षित है और रनिंग मे है। रकम एवं खाता होल्ड कर दिया गया है। खाते में रकम ट्रांसफर नही हुआ है। खाते में 24 घंटे में रकम वापस हो जायेगा। घटना के दूसरे दिन 20.11.2023 को शांम 4.47 बजे अचानक मेरे द्वारा अपना ई मेल आईडी खोला गया तो मैसेज मिला कि खाता से 451255 रूपये का आहरण हो गया है।

काल सेंटर के द्वारा 24 घंटे के अंदर रकम वापसी का आश्वासन के विपरीत रकम कटौती हो गया। इस तरह एक्सीस बैंक से काल सेंटर के द्वारा 26 घंटे धोखे में रखा गया जिसकी वजह से खाते से कुल 451255 रुपये ठगी हुआ। ठगी के लिये एक्सीस बैंक काल सेंटर के कर्मचारी जिम्मेदार हैं। 20.11.2023 को शांम 7 बजे एक्सीस बैंक कोरबा ब्रांच से सम्पर्क कर बताया गया और लिखित शिकायत दर्ज कराया गया तब ब्रांच मैनेजर के द्वारा जानकारी दिया गया कि क्रेडिट कार्ड दो कार्ड ईशु होता है,एक कार्ड पत्नि के नाम पर होता है तब प्रार्थी द्वारा बताया गया कि उसे केवल एक कार्ड ईशु हुआ है। 20.11.2023 को ही रात्रि 8 बजे साईबर कोरबा मे भी शिकायत दर्ज कराया गया है परंतु अब तक रकम वापस नही आया जिसकी वजह से आर्थिक एवं मानसिक पीड़ा झेलना पड रहा है। प्रार्थी ने इसके लिए जिम्मेदार एक्सीस बैंक ब्रांच कोरबा, बैंक काल सेंटर 1860419555 के कर्मचारी एवं सभी जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर सीएसईबी पुलिस चौकी में धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## दीपका मंडल की बैठक आज

**कोरबा।** आज भाजपा दीपका नगर मंडल की बैठक रखी गई है। इसमें गांव चलो अभियान को लेकर विचारविर्मश किया जाएगा। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शर्मा, अरूणीश तिवारी, राजूप्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता को 32 बूथो में जाने की जवाबदारी दी जाएगी।

# खेत समतलीकरण के नाम पर वनभूमि में कर रहा था अतिक्रमण वन विभाग ने जेसीबी किया जप्त

**कोरबा/कटघोरा ।** वन भूमि में कब्जा करने वाले लोगों की बाढ़ आ गई है। लोग मौका पाते ही जंगलों में घुसकर कब्जा करने की नीयत से खेत बनाने की कोशिश कर रहे हैं। नया मामला फिर से सामने आया है जहां जेसीबी मशीन लगाकर जंगल की जमीन में खेत बनाने का खेल खेला जा रहा था। जब वन विभाग के अधिकारियों की इसकी भनक लगी तो मौके पर दबिश देकर एक जेसीबी वाहन को जप्त किया गया है।

बता दें की कटघोरा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र में मोरगा के एक व्यक्ति द्वारा केंदई वन परिक्षेत्र में भूलसीभवना के पास जेसीबी मशीन लगाकर वन भूमि में कब्जा करने की नियत से खुदाई की जा रही थी। मुखबिरों की सूचना पर कटघोरा वन मंडल के डीएफओ कुमार निशांत ने टीम गठित कर मौके पर वन अमले को भेजा जहां मौके पर एक जेसीबी मशीन खेत को बराबर करने का काम कर रही थी। इस दौरान कई पेड़ों को धराशाही भी कर दिया गया था ल। वन विभाग ने मौके पर जेसीबी पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जेसीबी को जप्त कर लिया है। जेसीबी का मालिक मोरगा निवासी सुनील अग्रवाल का बताया जा रहा है। इस घटना के बाद कुछ लोगों द्वारा मोरगा वन परिक्षेत्र का घेराव करने का प्रयास किया गया है।

इस मामले में कटघोरा वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि मामले में केंदई वन परिक्षेत्र जेसीबी द्वारा वन अपराध करना घटित पाया गया है। वाहन मालिक द्वारा वाहन को छुड़ाने इस तरह का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन व पुलिस अधीक्षक को इस मामले में संज्ञान लाते हुए सहयोग लिया जा रहा है जिससे किसी प्रकार का कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए।

## देश में शिक्षा गुणवत्ता और शिक्षा के बेहतर विकास के लिए आईईएस परीक्षा की हो शुरुआत .. सतीश प्रकाश



**कोरबा।** प्रदेश में राज्य शिक्षा सेवा परीक्षा के माध्यम से शिक्षा विभाग में हो जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक, संयुक्त संचालक, अपर संचालक के पद पर अधिकारियों का चयन की ओर ले जाने के लिये तथा देश में शिक्षा के बेहतर विकास के लिए अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा आई.ए.एस, आई.पी.एस, आई.एफ.एस

.. सतीश प्रकाश सिंह देश में शिक्षा गुणवत्ता और शिक्षा के बेहतर विकास के लिए आई.ए.एस, आई.पी.एस, आई.एफ.एस की तरह भारतीय शिक्षा सेवा(आई.ई.एस.) परीक्षा के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग में अधिकारियों का चयन किये जाने की शिक्षाविद् सतीश प्रकाश सिंह द्वारा मांग की गई हैं । छत्तीसगढ़ राज्य में इसकी शुरुआत राज्य शिक्षा सेवा परीक्षा (एस.ई.एस.) के माध्यम से किये जाने की मांग की गई हैं । शिक्षाविद् सतीश प्रकाश सिंह राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ ने देश में शिक्षा के गुणवत्ता विकास और भविष्योंमुखी शिक्षा को उत्कृष्टता की तरह अखिल भारतीय शिक्षा सेवा (आई.ई.एस.) परीक्षा की शुरुआत करने की मांग की हैं। शिक्षाविद् सतीश प्रकाश सिंह ने प्रदेश के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा विगत वर्ष जारी किए गए छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के एक आदेश का हवाला देते हुए बताया कि उक्त आदेश में राज्य प्रशासनिक सेवा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दो अधिकारियों की पोस्टिंग अपर संचालक के पद पर कार्यालय संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर में की गई थी । जिसके विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में याचिकाकर्ताओं द्वारा याचिका दायर करके चुनौती दी गई थी।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बांकीमोंगरा में हुआ नई किरण वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम

**छत्तीसगढ़ / कोरबा ।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बांकीमोंगरा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । महाविद्यालय की स्थापना तीन वर्ष पूर्व हुई थी जहां महाविद्यालय का प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया गया । जिससे छात्र छात्राए काफी उत्साहित हुए । इस आयोजन में शिक्षा, भारत की संस्कृतिक कला की झांकी , छत्तीसगढ़ी कला लोक नृत्य देखने को मिली एवं धार्मिक आस्था को दर्शाया गया ।

इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेद सिंह मरकाम (सहायक संचालक छ.ग शासन ) वित्त विभाग मंत्रालय रायपुर, विशिष्ट अतिथि विजय बहादुर जगत अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिला कोरबा, ज्योति नंद दुबे पूर्व अध्यक्ष छ.ग राज्य खाद्य आयोग उपस्थित हुए ।वेद सिंह मरकाम ने कहा की महाविद्यालय के स्थापना के पश्चात् से यह पहली बार वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन है यह बहुत सुन्दर प्रस्तुति देख मनमोहक लगा मेरी सुभकामनाए इस महाविद्यालय को है । यह महाविद्यालय मूल व्यवस्था कमी से जूझ रहा है । शासन के द्वारा जल्द से जल्द विकास होगा । हम हर जगह आपके उज्वल भविष्य के लिए सहयोग करेंगे ।ज्योति नंद दुबे ने कहा की शिक्षा से बड़ा विकास का कोई अस्त्र नहीं हर मनुष्य शिक्षित होना चाहिए । बांकीमोंगरा क्षेत्र के बच्चों जो बाहर जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते है एवं निर्धन बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हो जाते है उनके लिए बड़ा महत्त्व है ?। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति देख दिल



खुश हो गया । इस महाविद्यालय में जो कमिया है उनकी जानकारी प्रदान करें। विधायक जी और हम मिलकर शिक्षा मंत्री से मिलकर भवन एवं भूखंड पर चर्चा कर शासन के द्वारा उन पर कार्य कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा ।

### समस्याओ से घिरा है महाविद्यालय

जब से इस महाविद्यालय की स्थापना हुई है भूखंड एवं भवन के लिए तरस रहा है। खेल मैदान, लिब्रेरी, बैठने के लिए उचित व्यवस्था समय के हिसाब से पाली का सही निधारण नहीं हो पाता है आज शासन परिवर्तन के पश्चात् क्षेत्र के लोगो एवं महाविद्यालय परिवार की आशा बढ़ी है वर्तमान विधायक एवं शासन से कब तक छात्र छात्राओं को एक बेहतर सर्व सुविधा उक्त महाविद्यालय का स्वरूप मिल पाएगा ।इस आयोजन में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह , पत्रकार विनोद साहू, निशांत झा, साबिर अंसारी, अनुज पाठक, मनहरण साहू, विकास सोनी, प्रणय मिश्रा, अजय कुमार , विमल कुमार , अजीत कुमार , महाविद्यालय परिवार, अभिभावक गण भारी संख्या में कार्यक्रम का लुत्त उठाये ।



## कोरबा के 48 रामभक्त अयोध्या के लिए हुए रवाना, श्री रामलला के करेंगे दर्शन

**कोरबा।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद रामलला के दर्शन हेतु लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। प्रभु के दर्शन हेतु लोगों में काफी आतुरता देखी जा रही है। राम भक्त जल्द से जल्द प्रभु के दर्शन करना चाहते है। इसी कड़ी में दुर्ग से पहली आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई, जिसमें कोरबा के भी 48 रामभक्त शामिल हुए। रविवार की सुबह सभी 48 रामभक्त बस के माध्यम से दुर्ग के लिए रवाना हुए। सभी रामभक्त अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करेंगे जिसके बाद वे कोरबा लौटेंगे।

# कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ जायसवाल न्यू कोरबा हॉस्पिटल में मरीजों को देगें परामर्श

**कोरबा।** मध्यभारत के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ, ऑन्कोलॉजिस्ट व हिमेटोऑन्कोलॉजिस्ट डॉ.रवि जायसवाल 07 फरवरी बुधवार को कोरबा आयेंगे, वे न्यू कोरबा हॉस्पिटल में प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक लोगो की जॉच करेंगे एवं मरीजों को आवश्यक परामर्श देंगे तथा क्षेत्र के नागरिक इस सुअवसर का लाभ उठा सकेंगे।

कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझने वाले सैकड़ों, हजारों मरीजों को नया जीवन देने वाले डॉ.रवि जायसवाल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मध्य भारत के जाने माने कैंसर विशेषज्ञ हैं। ऑन्कोलॉजिस्ट व हिमेटोऑन्कोलॉजिस्ट डॉ.रवि जैसवाल वर्तमान में रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में अपनी सेवाऐं दे रहे हैं। प्रदेश के लोगों की सुविधा के मद्देनजर समय-समय पर डॉ.जैसवाल प्रदेश के विभिन्न शहरों में पहुंचकर कैंसर रोग के संभावित मरीजों की जॉच एवं उन्हें आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराते हैं। इसी कड़ी में 07 फरवरी बुधवार को डॉ.जायसवाल कोरबा पहुंचकर कोसाबाड़ी स्थित न्यू कोरबा हॉस्पिटल में प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक ओ.पी.डी. करेंगे, इस दौरान वे लोगों की जॉच करेंगे तथा विभिन्न प्रकार के कैंसर के संभावित मरीजों को आवश्यक परामर्श उपलब्ध करायेंगे।

**विभिन्न प्रदेशों के मरीज पहुंचते है इलाज कराने**

एक सफल कैंसर रोग विशेषज्ञ की पहचान बनाने वाले डॉ. रवि जायसवाल मरीजों एवं परिजनों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं, मरीजों एवं उनके परिजनों से उनका आत्मीय व्यवहार काबिले तारीफ है, वे मरीजों को मानसिक व आर्थिक सपोर्ट देते हैं, उनकी परेशानियों का उचित समाधान उपलब्ध कराते हैं। डॉ.रवि जैसवाल से मिलने व बात करने के पश्चात कैंसर मरीज एवं उनके परिजनों का कान्फिडेंस काफी बढ़ जाता है तथा कैंसर के प्रति उनके नजरिये में अत्यंत सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। डॉ.रवि जायसवाल के सौम्य व्यवहार, लोकप्रियता एवं उनकी प्रोफेशनल सक्सेज के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश, उडीसा, झारखण्ड, बिहार, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों के कैंसर मरीज अपना इलाज कराने उनके पास पहुंचते है।

**कैंसर चिकित्सा की गहरी समझ**

कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ . रवि जायसवाल ने कम समय मे बड़ा नाम अर्जित किया है। कैंसर के विभिन्न रूपों तथा उनके सफलतम इलाज की गहरी समझ ने डॉ. रवि जैसवाल को इस मुकाम तक पहुचाया है, कि आज मुम्बई , सिकंदराबाद, बेगलुरु, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य बड़े शहरों के सुप्रसिद्ध कैंसर हॉस्पिटलों में ईलाज कराने के बाद मरीज डॉ. रवि जायसवाल के पास अपना आगे का इलाज कराने पहुंच रहे है।

## कैंसर दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

**कोरबा।** विश्व कैंसर दिवस में लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के अंतर्गत अवेयरनेस ऑफ पीडियाट्रिक कैंसर के तहत वर्ल्ड कैंसर डे की 2024 की थीम क्लोज द केअर गैप के अंतर्गत बच्चों में होने वाले कैंसर पर पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमे पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित अंचल के प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव लायन डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने सभी प्रकार के कैंसर के अलावा विशेष रूप से बच्चों में होने वाले कैंसर, उनके लक्षण , कारण एवम उनसे बचाव के विषय मे बच्चो को बताया साथ ही सभी कारणों पर विस्तार से बात करते हुये जंक फूड तथा फास्ट फूड के सेवन एवं गुटखा, गुड़ाखु और तम्बाकू के नशे को इसका सबसे बड़ा कारण बताते हुये बच्चो को इनसे दूर रहने की सलाह दी और शपथ भी दिलाई की न केवल वे नशे से दूर रहेंगे बल्कि और लोगों को भी इनसे दूर रहने के लिये प्रेरित करेंगे। साथ ही इस कैंसर जैसी महामारी के प्रति खुद भी जागरूक रहेंगे और दूसरों को भी जागरूक करेंगे। साथ ही उन्होंने सभी प्रकार के कैंसर के बचाव एवं उपचार के लिये गोमूत्र को सर्वश्रेष्ठ एवं निरापद औषधि बताते हुये कहा कि इसका नियमित सेवन करने वाले को कैंसर नही होता और अगर कैंसर रोगी इसका नियमित सेवन करता है तो उसके ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है

## मानिकपुरी समाज का परिवारिक मिलन समारोह संपन्न

**कोरबा ।** युवा मानिकपुरी समाज कुसमुंडा द्वारा बीते शनिवार को नव वर्ष पारिवारिक मिलन समारोह कबीर चौक स्थित कबीर वाचनालय में आयोजित किया गया। जिसमें दीगर जिले से ट्रांसफर आए सभी कर्मचारी एवम कुसमुंडा से सेवानिवृत्त कर्मचारी ,छुराकछार, भैरोताल,गेवरा तथा आसपास के सभी स्वजातीय बंधुओ ने भाग लिया। समाज के वरिष्ठ राम किशन,जनक दास,संतोष दास, करन दास ने युवा पीढ़ी को संबोधित कर सभी का मार्ग दर्शन किया। साथ ही धनंजय दीवान,नरेश महंत,जयेंद्र दास, इंद्रा दास ,श्रुति कुलदीप ,ज्योति कुलदीप के अगुआई में युवा समिति गठित की गई। आयोजन में बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। श्रीमति भुवनेश्वरी दास के द्वारा मंच



संचालन किया गया। अंत में एमआईसी मेंबर श्रुति कुलदीप के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# आशियाना तोड़े जाने की खबर से घबराए लोगों ने मंत्री लखनलाल देवांगन से लगाई मदद की गुहार

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कोरबा-पश्चिम क्षेत्र दर्री में सीएसईबी प्लांट की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए विस्तार करते हुए संयंत्र परिसर के आसपास 1320 मेगावाट पावर प्लांट की नई परियोजना स्थापित की जाएगी, जिसके लिए 30 जनवरी मंगलवार को लाल मैदान में जनसुनवाई पूरी हुई। संयंत्र के लिए ब्लू प्रिंट तैयार हो चुका है जिसके हिसाब से अब मैदानी स्तर पर सर्वे शुरू हो चुका है। संयंत्र के लिए दर्री थाना के सामने स्थित सिंचाई कालोनी की जमीन को अधिग्रहण की जाएगी, इसलिए यहां निवासरत लगभग 200 परिवार के बीच हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग की जिस जमीन पर सैकड़ों परिवारों ने बेजा कब्जा कर उसमे मकान बनाकर दशकों से काबिज है, उसे नई परियोजना के लिए अधिग्रहित किया जाना है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ऐसे सभी निवासरत परिवारों को इस संबंध में जानकारी देते हुए स्पष्ट तौर पर यहां से दूसरे स्थानों पर जाने की व्यवस्था जल्द करने का निर्देश दे दिया है। अधिकारियों के निर्देश मिलने से आशियाना टूटने की संभावना ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। चिंतित लोगों ने अपने बचाव का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। मकान उजड़ने की खबर से घबराए लोगों ने शनिवार को उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन से मिलकर अपनी व्यथा सुनाने उनके निवास स्थान कोहड़िया पहुंचकर उनसे मुलाकात की और कालोनी में बने मकानों को टूटने से बचाने की गुहार लगाई है।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन से गुहार लगाने पहुंची महिला निशा बाल्मिकी ने बताया कि उनके जीवन के चार दशक सिंचाई कालोनी में ही गुजर गया, अब बच्चे भी बड़े हो गए हैं। खून-पसीने से कमाई पाई-पाई रुपए जोड़कर मकान बनाया है, अब उन्ही मकानों को तोड़े जाने की एकाएक मिली सूचना से परिवार के भविष्य को लेकर काफी चिंतित हूँ। इस संबंध में सुनीति साहू ने बताया कि कई दशक से हम लोग यहां मकान बनाकर निवासरत हैं इस बीच सिंचाई विभाग ने जमीन की तरफ देखा तक नहीं, सभी लोगों ने लाखों रुपए खर्च कर अपना-अपना मकान बनाये हैं। इन मकानों के टूट जाने से कैसे गुजर बसर करेंगे। हमीदून खान ने बताया कि सभी परिवार को सिंचाई कालोनी में रहते हुए जमाना बीत गया, अब उसी जगह पर प्लांट बसाने की क्या जरूरत है और भी दूसरी खाली जमीन पड़ी है वहां संयंत्र का विस्तार किया जाना चाहिए और बस्ती में बसे लोगों को बेघर होने से बचाना चाहिए।

सीएसईबी दर्री प्लांट के जमीन से लगकर दर्री थाना के आसपास सिंचाई विभाग की जमीन है। थाना के सामने हिस्से में सिंचाई विभाग का लेबर हॉट कालोनी थी। करीब 4 दशक पहले उक्त कालोनी के दर्जनों खाली मकान खंडहर जैसे होने लगे थे। तब लोगों ने अनाधिकृत रूप से उन मकानों में रहना शुरू किया। देखते ही देखते 4 दशक में आसपास सैकड़ों मकान भी बन गए। अब लेबर हॉट कालोनी बड़ी बस्ती बन चुकी है। हालांकि अब भी कालोनी के कुछ हिस्से के मकानों में अब भी सिंचाई विभाग के अधिकारी/कर्मचारी भी निवासरत है।

जानकारी के अनुसार बिजली उत्पादन कंपनी के 1320 मेगावाट प्लांट के लिए प्लांट के पुराने रेलवे लाइन के पास ब्रिज से लेकर दर्री थाना के सामने बाजार तक की जमीन अधिग्रहित होगी। उक्त जमीन पर वर्तमान में सिंचाई विभाग के 79 मकान है। जिसमें से अधिकांश में विभागीय अधिकारी/कर्मचारी निवासरत है।

# लोन दिलाने के नाम पर एक लाख 80 हजार की ठगी,तीन गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** बैंक से लोन दिलाने के नाम से लाखों रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपितों को साइबर सेल और अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मामले का पर्दाफाश करते हुए एएसपी अनिल सोनी ने बताया कि अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरसत्ती निवासी शांति लाल सोनवानी (50) ने 3 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 जनवरी को दोपहर 3 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर आए और बोले कि उनका लिटिल फायनेंस बैंक के नाम से आफिस चांपा में स्टेट बैंक के सामने है।

वहां वे लोग 8 प्रतिशत में 5-6 लाख रूपए जमीन के एवज में ऋण दे देंगे। लोन के लिए कुछ जमीन का दस्तावेज मांगा गया तो शांतिलाल ने लोन की चाह में अपनी जमीन का फोटो कापी दे दिया साथ में लोन के लिए जिला सहकारी बैंक का ब्लेक चेक हस्ताक्षर किया हुआ दिया था। प्रार्थी द्वारा 29 जनवरी को खरीदी केंद्र में धान की बिक्री की गई थी। उसकी राशि 1 लाख 94 हजार 723 रूपए खाते में जमा हुआ था। उसी तिथि को दोपहर 1.11 बजे मोबाईल के माध्यम से 1 लाख 80 हजार रूपए कटने का मैसेज आया। पता करने पर यह राशि आहरित हो गई थी और लोन के लिए दिए गए चेक को प्रस्तुत कर ठगों ने उसके खाते से रूपए निकाल लिए।



पुलिस ने भादवि की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया और विवेचना शुरू की और बेंदरकोना थाना रामपुर जिला कोरबा निवासी जितेंद्र कुमार बघेल को बिलासपुर से पकड़कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि तिफरा बिलासपुर निवासी हेमंत कुमार भारद्धाज, चकरभांठा बिलासपुर निवासी दीपक टंडन एवं अन्य साथी के साथ एक शादी के कार्यक्रम में मिलने पर उनसे कहा गया कि उसके खाते में पैसे डाल देते हैं और इसके बदले उसे कमीशन भी मिलेगा और कुछ पैसे भी दिए। पुलिस ने हेमंत भारद्धाज और दीपक टंडन से पूछताछ कर अपने दो अन्य साथी के साथ मिलकर गांव-गांव जाकर लोगों को केसीसी, गृह निर्माण, पसर्नल लोन दिलाने के नाम पर लोगों से उनके जमीन का बी-1, खसरा, आधार कार्ड, पेन कार्ड, तथा ब्लेंक चेक लेकर उनके खाते का 6 माह का स्टेटमेंट उन्ही से निकलवाकर बकाया राशि को उन्ही के चेक के माध्यम से निकाल कर आपस मे बांट लेते थे ।

पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है जबकि एक महिला सहित दो आरोपित फरार हैं। पुलिस के अनुसार महिला भी लोगों को झांसे में लेती थी। इस कार्रवाई में अकलतरा थाना प्रभारी तुलसिंह पट्टावी , सायबर सेल प्रभारी प्रवीण द्विवेदी , एएसआई रामप्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह, अनिता पाटले, राजकुमार चन्दा, विवेक सिह, आरक्षक गिरीश कश्यप, रोहित कहरा, अंजना लकडा एवं थाना एवं साइबर टीम का योगदान रहा।

**कार के नंबर से खुला राज**

लोन दिलाने का झांसा देने के लिए आरोपित कार क्रमांक सीजी 10 एसी 3217 पर सवार होकर शांतिलाल के घर गए थे। उसने कार का नंबर नोट कर लिया था। पुलिस को उसने यह नंबर बताया । यह कार कोरबा के किसी सुखबाई भारद्वाज के नाम से पंजीकृत है। हालांकि उसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस इसी कार नंबर के आधार पर आरोपितों तक पहुंची।

**न आएं झांसे में**

पुलिस ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि वर्तमान में धान खरीदी बिक्री का सीजन चल रहा है किसान बैंक से पैसा आहरण करने के लिए बैंक जाते हैं। उनके गांव तथा शहर क्षेत्र में कोई व्यक्ति लोन दिलाने संबंधी एवं अन्य प्रकार की पैसे दिलाने या डबल करने करने का लालच देकर बातचीत करता है विश्वास दिलाता है तो संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को स्वयं या सरपंच ,कोटवार तथा अन्य किसी के माध्यम से दें।

## धान बेचने 4500 किसान नहीं पहुंचे उपार्जन केन्द्र

**जांजगीर - चांपा ।** समर्थन मूल्य में की जा रही धान खरीदी के अंतिम दिन जिले के 279 किसानों से 8 हजार 410 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस तरह जिले में 1 लाख 18 हजार 348 किसानों से 64 लाख 4 हजार 390 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जबकि पंजीयन कराने के बाद भी 4 हजार 478 किसान धान बेचने केंद्रों तक नहीं पहुंचे।जिले में समर्थन मूल्य पर एक नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई थी। नई सरकार बनने के बाद केंद्रों में धान की आवक होने लगी। जिले में इस वर्ष 129 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई।

शुरूआत में 55 लाख 86 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया था। मगर सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिसके कारण जिले में धान खरीदी का पिछले साल का रिकार्ड तो टूट ही गया है। बल्कि 8 लाख क्विंटल अधिक धान की खरीदी हो गई है। जिले के किसान अंतिम तिथि नजदीक आने के बाद भी धान नहीं बेच पाए थे। ऐसे में धान खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने की मांग उठने लगी। तब सरकार ने इसमें चार दिन का समय बढ़ाते हुए 4 फरवरी तक धान खरीदी करनेका आदेश जारी किया। धान खरीदी के अंतिम दिन जिले के 279 किसानों से 8 हजार 410 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिलेमें 1 लाख 18 हजार 348 किसानों से 64 लाख 4 हजार 390 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जबकि अभी अंतिम आंकड़ा आना बाकी है।

**संग्रहण केंद्र शुरू करने की नहीं आई नौबत**

जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत 1 नवंबर से हुई थी। मगर खरीदी में रफ्तार दिसंबर महीने में नई सरकार बनने के बाद आई। धान खरीदी के साथ ही साथ केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी होने लगा। मगर जब खरीदी तेज हुई तो उठाव की समस्या आने लगी और केंद्रों में धान जाम होने लगे। हालांकि इसके बाद भी इस साल संग्रहण केंद्रों को शुरू करने की नौबत नहीं आई।



डीएमओ गजेंद्र राठौर का कहना है कि धान का उठाव खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही शुरू कर दिया गया था। मिलर्स केंद्रों से धान का उठाव करते गए। इसके लिए लगातार डीओ जारी किया गया। अब तक 80 प्रतिशत धान का उठाव हो गया। इस साल बारदाने की किल्लत भी नहीं हुई।

**लिंकिंग से 96 फीसदी कर्ज की वसूली**

पंजीकृत 4 हजार 478 किसानों ने नहीं बेचा धानपंजीकृत 4 हजार 478 किसानों ने नहीं बेचा धान

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा इस वर्ष जिले के 43 हजार किसानों को बिना ब्याज के 1 अरब 88 करोड़ रूपये का ऋ ण वितरण किया गया था। समर्थन मूल्य में की गई धान खरीदी के दौरान किसानों से ऋण की वसूली की गई। समितियों के माध्यम से जिले के किसानों से 1 अरब 80 करोड़ रूपये कर्ज की वसूली की गई है जो लक्ष्य का 96 फीसदी है। जबकि किसानों से अभी भी 8 करोड़ रूपये का कर्ज वसूलना बाकी है।

**केंद्रों में18 लाख क्विंटल धान जाम**

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए इस साल 1 लाख 22 हजार 826 किसानों ने पंजीयन कराया था। जिसमें से 1 लाख 18 हजार 348 किसानों से 64 लाख 43 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से मिलर्स द्वारा अब तक 45 लाख क्विंटल 92 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जबकि केंद्रों में 18 लाख 117 हजार क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है।

## खेत में पानी सिंचाई को लेकर मारपीट



**जांजगीर - चांपा ।** खेत में पानी पलाने की बात को लेकर चचरे भाई के साथ मारपीट करने वाले पिता - पुत्र सहित तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला बलौदा थाना का है।पुलिस के अनुसार चारपारा निवासी मनोज पटेल 11 जनवरी को अपने खेत में बोर से पानी पला रहा था । तभी दादूराम पटेल (56), अपने दो पुत्र राधेश्याम उर्फ बोटाई पटेल (25) विश्वजीत पटेल (22) वहां पहुंचे और खेत में पानी क्यों पलो रहे हो मेरे खेत में नमी आ रहा है कहते हुए एक राय होकर अपने चचेरे भाई विश्वजीत पटेल के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे रापा के बेठ से मारपीट किए।

मारपीट करने से उसके सिर में चोट आई। उसने इसकी रिपोर्ट थाने में भादवि की धारा 294, 506, 323, 34 कायम कर विवेचना लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने दौरान प्रकरण में धारा 326 जोड़ा गया। पुलिस ने तीनों आरोपित दादूराम पटेल , राधेश्याम उर्फ बोटाई पटेल , विश्वजीत पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## वेतनमान में बढ़ोतरी, स्कूल व अस्पताल की मांग को लेकर रैली आज

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ (एचएमएस) के आह्वान पर शनिवार को नरियरा स्थित भगत कुआं मंदिर के पास श्रमिको की बैठक हुई। ज्ञात हो कि विगत एक माह से लगातार बैठकों का दौर जारी था। जिसमे आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जा रही थी। अंततः बैठक में सर्वसम्मति से यह तय हुआ है कि पांच फरवरी सोमवार को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर केएसके महानदी प्रबन्धन को प्रशासन के माध्यम से चेतावनी दी जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के नैला फाटक से 100 मीटर की दूरी पर धड़ से सिर अलग एक युवक का शव सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक की पटरी पर मिला है। जानकारी के अनुसार युवक ने आत्महत्या की है। आत्महत्या की वजह घरेलू विवाद सामने आया है। वह रात से ही घर वापस नहीं आया था। फिलहाल जीआरपी पुलिस जांच में जुटी हुई हैं। यह घटना नैला चौकी उप थाना क्षेत्र की है। मृतक युवक की पहचान सुरेंद्र किरण (26 साल) निवासी भाटापारा का है।



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात पुलिस कर रही लोगों को जागरूक

**सक्ती ।** जिले में यूनिसेफ, यातायात पुलिस एवं स्काउट गाइड्स के स्वयंसेवकों के सहयोग से 15 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान यातायात नियमों के प्रचार - प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भारत स्काउट्स गाइड्स ने पहले जागरूकता रैली निकाली और हेलमेट का उपयोग करने, यातायात नियमों का प्रचार वाहन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में यातायात नियमों के बारे में एवं यातायात संबंधित जानकारी, शराब पीकर वाहन ना चलाने, फोन में बात करते समय वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने संबंधित जागरूकता बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त तनवीर कुरेशी, जिला सचिव कमलादपि गबेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट आर एन सायतोड़ा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड गीता सायतोडा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट छबि लाल राठौर ने यूनिसेफ के सभी स्वयंसेवकों और यातायात पुलिस , सुरेंद्र सिंह, कमल किशोर, दिलेश्वर प्रसाद साहू , शैलेंद्र राठौर, रामानंद सुभाष, भारत स्काउट एंड गाइड्स की जिला संगठन आयुक्त गाइड रंजिता राज, स्वामी आत्मानंद कसेरपारा के विद्यार्थियों व स्टाफ़ सहित सभी ने मिलकर सहयोग प्रदान किया।



## बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू

**जांजगीर चांपा।** बोर्ड परीक्षा की उल्टी गिनती अब शुरू हो गई है। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारियां भी अब शुरू हो गई है। शुक्रवार को बोर्ड परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।



ब म्ह नी डी ह ब्लॉक के ग्राम हायर सेकंडरी स्कूल तालदेवरी, अफरीद और सरहर को नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं बाराद्वार के तीन परीक्षा केंद्र सशिमं हायर सेकेंडरी स्कूल, बालक हायर सेकंडरी स्कूल और कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बाराद्वार को सक्ती जिले में शामिल किया गया है।

इस तरह जांजगीर-चांपा जिले में कुल 71 परीक्षा केंद्रों में दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होंगी। बोर्ड की परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के लिए जांजगीर-चांपा जिले में इस बार 46 हजार 685 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल में 26 हजार 497 छात्र शामिल हैं तो वहीं हायर सेकेंडरी में 20 हजार 188 छात्र-छात्राएं परीक्षा दिलाएंगे।

## श्रीमद् भागवत कथा 7 से


**जांजगीर।** नगर के न्यू चंदनिया पारा में स्वर्गीय चितरंजन कटकवार और रेवती कटकवार की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 7 फरवरी से किया जाएगा। आचार्य राजेन्द्र महाराज होंगे। कथा दोपहर 2 बजे से सुनाई जाएगी। 7 फरवरी को नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी, वेदी पूजन कर कथा आरंभ होगा। 8 को अवतार वर्णन, परीक्षित कथा, ध्रुव चरित्र, 9 को कपिल उपाख्यान, सती चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 10 को वामन चरित्र, श्रीराम चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 11 को बाल लीला, गिरिराज पूजा, छप्पन भोग, 12 को गोपी उद्धव संवाद, रूक्मणी-श्रीकृष्ण विवाह उत्सव, 13 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी।



# 10 फरवरी को सजेगा सरकारी मंडप 101 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**जांजगीर चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में जहां 10 फरवरी को एक ओर जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव का आगाज होगा तो वहीं दूसरी ओर आत्मानंद विद्यालय परिसर में सरकारी मंडप भी सजेगा जहां 101 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यहां मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन भी किया जाएगा जिसकी तैयारी की जा रही है। जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव में शामिल होने 10 फरवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कार्यक्रम भी तय बताया जा रहा है। ऐसे में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल होंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग को इस साल करीब 101 जोड़े की शादी करने का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य को पूरा करने महिला बाल विकास की टीम गांव-गांव में दूल्हा-दुल्हन ढूंढने में लगी है। हर परियोजना को जोड़े ढुंढने के लिए लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए परियोजना स्तर पर जोड़े तलाशने का काम तेज गति से चल रहा है। बता दें कि 10 फरवरी को शहर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में आदर्श विवाह का आयोजन होगा। क्योंकि हाईस्कूल मैदान परिसर में एग्रीटेक कृषि मेला भी लगेगा। ऐसा पहली बार होगा जब जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि के दौरान ही सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में 10 फरवरी से तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि का आयोजन किया गया है।



**50 हजार रुपए बढ़ा दी गई है प्रोत्साहन राशि**

महिला बाल विकास विभाग के मुताबिक पहले मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक जोड़े की शादी के लिए कुल 25 हजार रुपए मिलते थे। अब शासन ने बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया है। 50 हजार रुपए में पंडाल, पंडित, सामग्री, श्रृंगार, भोजन आदि शामिल है। 21 हजार रुपए वधु के खाते में डिपाजिट किए जाएंगे। वहीं 15 हजार का उपहार दिया जा रहा है। प्रति जोड़ा पंडाल खर्च 8 हजार, भवन किराया प्रति जोड़ा 20 अतिथियों के लिए भोजन, नाश्ता आदि शामिल है। इसके अलावा 6 हजार रुपए मंगल सूत्र, वर-वधू के कपड़े, श्रृंगार सामग्री, जूते चप्पल, चुनरी, साफा के लिए हैं।

**2005 में शुरू हुई है योजना**

जिले में अब सरकारी शादी में लोग ज्यादा रुचि नहीं दिखा रहे हैं। गांव-गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सेक्टर सुपरवाइजरों के माध्यम से दूल्हा-दुल्हन की तलाश की जा रही है। सरकारी शादी के लिए दूल्हा व दुल्हन ढूंढने में उनके पसीने छूट रहे हैं। गौरतलब है कि शासन ने वर्ष-2005 से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुवात की है। योजना का उद्देश्य सिर्फ यही है कि गरीब, बेहसारा व जरूरतमंदों को बेटियों की शादी कराने में परेशानी न हो।

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों में गुणवत्ताहीन फर्नीचर देने वाला ठेकेदार को बचाने में जुटे अफसर

**बिलासपुर।** जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में गुणवत्ताहीन फर्नीचर सप्लाई करने वाला ठेकेदार को शिक्षा विभाग के अफसरों के द्वारा बचाने का प्रयास किया जा रहा है। फर्नीचर में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आखिरकार मामले में कलेक्टर अवनीश शरण को संज्ञान में लेना पड़ा। उन्होंने फर्नीचर सप्लाई में सुधार नहीं करने पर ठेकेदार के खिलाफ थाने में अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। दूसरी ओर शिक्षा विभाग के सेजेस स्कूल के जिम्मेदार अफसर अभी भी ठेकेदार का नाम तक सार्वजनिक नहीं कर रहे हैं।

चार साल पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने करीब चार करोड़ रुपये के फर्नीचर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में उपलब्ध करवाने वर्क आर्डर जारी किया था। अफसरों ने निजी ठेकेदार के जरिए सभी स्कूलों में फर्नीचर सप्लाई करवाया था। कुछ दिनों बाद फर्नीचर खराब होने लगे। उपयोग करने लायक भी नहीं रहा। इसकी शिकायत शिक्षा विभाग के अफसरों से लेकर सरकार की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी डीके कौशिक ने जांच के आदेश दिए थे। लेकिन अभी तक दोषी ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

# जर्वे रेस्टहाउस नहीं बन सका पर्यटक स्थल, भवन हुआ जर्जर

**जांजगीर चांपा।** कंट्रोल रूम जर्वे रेस्टहाउस को पर्यटन स्थल बनाने का मामला ठंडे बस्ते में पड़ गई है। पूर्व कलेक्टर ने यहां दौरा कर इसकी मंजूरी दी थी, लेकिन तीन कलेक्टर बदलने के बाद भी यहां फूटी कौड़ी भी नहीं दी गई। जबकि यहां के 55 साल पहले बना भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है।

इसे भी नए सिरे से बनाने के लिए तकरीबन एक करोड़ रुपए खर्च करने की बात कही गई थी। लेकिन यह मामला भी ठंडे बस्ते में चली गई। इसके चलते यह स्थल दिन ब दिन वीरान होते जा रहा है। आपको बता दें कि कंट्रोल रूम जर्वे रेस्टहाउस पिकनिक स्पॉट की तरह अपनी पहचान बना चुका है। यहां मुख्य नहर से दो दिशाओं में नहर की धार को मोड़ा जाता है। इसके लिए इस स्थान को कंट्रोल रूम कहते हैं। कंट्रोल रूम के पास हरे भरे छांव दार पेड़ पौधों का भंडार है। जहां पर लोग बड़ी तादात में पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। पूर्व कलेक्टर नीरज कुमार बनसोड़ ने यहां का मौका मुआयना कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात कही थी। साथ ही यहां के जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर नए



सिरे से एक करोड़ रुपए में बनाने की बात कही थी, लेकिन उनका स्थानांतरण होने के बाद इस दिशा में किसी ने ध्यान नहीं दिया। न ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इस ओर मुड़कर देखा। ऐसे में यह भवन न तो नई बन पाई और न ही जर्जर भवन को संवारने कोई ध्यान दिया। जिसके चलते यह स्पॉट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां के पेड़ पौधे टूटकर गिर रहे हैं। हरियाली भी धूमिल होते जा रही है। ऐसे में यहां को पर्यटन स्थल बनाने की योजना ठंडे बस्ते में पड़ गई है।

**प्रभारी ने कहा जेब से खर्च करनी पड़ती**

कंट्रोल रूम जर्वे रेस्टहाउस के प्रभारी जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि जर्जर भवन की मरम्मत वे खुद की जेब से करते खर्च करते हैं। इससे पहले वे जर्जर भवन को संवारने के लिए कई हजार रुपए खर्च कर चुके हैं। इसका बिल भी जिला मुख्यालय के कार्यालय में जमा किए हैं लेकिन वह स्वीकृत नहीं हुआ है। यहां के कई काम को ठीक करने के लिए जेब से खर्च करनी पड़ती है।

कंट्रोल रूम जर्वे रेस्टहाउस को संवाने के लिए हमारे पास किसी तरह का बजट नहीं है। बजट मिलने के बाद वहां जरूरी संसाधन बढ़ाने कोशिश की जाएगी।

- अर्जुन लाल कुर्रे, ईई सिंचाई विभाग

# कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की सजाई गई झांकी

**देवरी-चांपा।** ग्राम पंचायत देवरी में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा के छठवें दिवस उद्धव चरित्र और भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया गया। इस अवसर पर झांकी सजाई गई थी। कथा वाचिका पूजा शुक्ला ने श्रद्धालुओं को विस्तार से प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। इन्होंने इसका विस्तार से वर्णन किया। इसमें उन्होंने



बताया कि जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है । उन्हें वृंदावन की भांति सहज प्राप्त हो जाती है। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान आचार्य पंडित तुलेश्वर पांडेय, वेदप्रकाश पांडेय, नागेंद्र शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

**अनमोल वचन**

**पूरी निष्ठा से काम करने वाले सबसे सुखी है..!**

## बैचेन ममता, निशाने पर कांग्रेस!

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी जितना हमला भाजपा पर नहीं कर रही हैं उससे ज्यादा हमला कांग्रेस पर कर रही हैं। कांग्रेस नेता भी ममता को निशाना बना रहे हैं हालांकि राहुल गांधी ने सद्भाव दिखाया है लेकिन प्रदेश के नेताओं पर कोई रोक नहीं है। तभी ऐसा लग रहा है कि बंगाल में ममता का मुकाबला कांग्रेस के साथ है। उन्होंने पहले लेफ्ट मोर्चे को निशाना बनाया और कहा वह आतंकवादी पार्टी है। उन्होंने कांग्रेस को आगाह किया कि वह लेफ्ट के साथ नहीं दिखे। ममता ने यहां तक कहा कि अगर लेफ्ट के नेता राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होंगे तो तृणमूल कांग्रेस उससे अलग रहेगी। हालांकि लेफ्ट के नेता नहीं शामिल होते तब भी ममता को यात्रा से दूर ही रहना था। उन्होंने राहुल की यात्रा बंगाल में घुसने से पहले ही कह दिया था कि वे अकेले सभी सीटों पर लड़ेंगी। सवाल है कि जब उन्होंने अकेले सभी सीटों पर लड़ने का फैसला कर लिया है तो कांग्रेस की यात्रा में कौन शामिल होता है और कौन नहीं शामिल होता है इससे उनको क्या मतलब है। लेकिन उनको मतलब है क्योंकि उनको लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी नुकसान पहुंचा सकती है। उनकी ज्यादा चिंता इस बात की है कि अगर कांग्रेस और लेफ्ट मिल कर लड़े तो मुस्लिम मतदाताओं में उसका बड़ा मैसेज होगा। इसका असर मुर्शिदाबाद और माल्दा में होगा, जहां कई सीटें तृणमूल कांग्रेस हार सकती है। अगर दोनों पार्टियों ने मुस्लिम वोट का थोड़ा सा भी बंटवारा करा दिया तो ममता की पार्टी को बड़ा नुकसान हो जाएगा। तभी वे बेचैन हैं। वे कांग्रेस को साथ लाना भी चाह रही हैं और दो से ज्यादा सीट भी देना नहीं चाह रहे हैं। सारी लड़ाई इसी बात की है कि कांग्रेस कम सीट लेकर गठबंधन में आ जाए और लेफ्ट को अकेले छोड़ दिया जाए।

## राशिफल

**मेष** :आज आप अपने अंदर भरपूर विश्वास व ऊर्जा महसूस करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा तथा अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। सामाजिक दायरा बढेगा। मान-सम्मान मे वृद्धि होगी।किसी नजदीकी रिश्तेदार के घर जाने की भी योजना बन सकती है व समय मनोरंजन तथा हंसी खुशी में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

**वृष** : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।वर्तमान व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए कुछ नई योजनाएं बनेंगी। इस समय बहुत ही उचित ग्रह स्थिति बनी हुई है, इसलिए इन योजनाओं को तुरंत ही क्रियान्वित करें। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मिथुन** : आज भाग्य आपके साथ है। आपके रुके हुए राजकीय काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो सकते हैं इसलिए प्रयासरत रहें। साथ ही बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा व सफलता मिलेगी और आप श्रेष्ठ अभिभावक भी साबित होंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कर्क** : आज आपका दिन सामान्य रहेगा।व्यवसाय में गति लाने के लिए कुछ नई नीतियां बनाना जरूरी है। हालांकि वर्तमान नकारात्मक वातावरण की वजह से व्यापार मंद ही हैं। नौकरी में त्योहारों की वजह से कार्यभार की अधिकता रहेगी। धार्मिक विचारधारा सकारात्मक रहेगी। मनोबल बढेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**सिंह** : आज आप दिन में व्यस्त रह सकते हैं। घर में कोई यात्रा संबंधी मांगलिक कार्य संपन्न होने जैसी योजनाएं बनेंगी। तथा खुशी भरा वातावरण व्याप्त रहेगा। घर के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे। बड़े बुजुर्गों का भी स्नेह व आशीर्वाद बना रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**कन्या** : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा।व्यवसायिक गतिविधियां पूर्ववत ही रहेंगी। अपने स्वभाव को नियंत्रित रखना आवश्यक है। जल्दबाजी न करें बनते काम बिगड़ भी सकते हैं। ऐसी ही सावधानी नौकरीपेशा लोगों को अपने ऑफिस में भी चाहिए। आध्यात्मिक विचार बनेंगे व सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**तुला** :आज आपका दिन मन खुश करने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही किसी विशेष कार्य के प्रति आपकी लगन व मेहनत के अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने वाले हैं। अपने काम पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें। घर में किसी धार्मिक कार्य के आयोजन संबंधी योजना भी बनेगी। युवा वर्ग कोई उपलब्धि मिलने से गर्व महसूस करेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पब्लिक डीलिंग तथा मीडिया से संबंधित कार्यों में आज विशेष ध्यान दें। क्योंकि इनसे अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों के लिए भी ऑफिस का माहौल पॉजिटिव रहेगा। तथा सहयोगियों के साथ संबंध बेहतर बनेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**धनु** : आज आपकी सकारात्मक विचारधारा दिन को बेहतर बनाएगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था व रुझान बढ़ेगा। जिससे आपके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा। आज दिन का अधिकतर समय किसी विशेष कार्य संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करने में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**मकर** : आप भाग्य आपके साथ है। कार्यक्षेत्र में आंतरिक रखरखाव तथा नवीनीकरण जैसी योजना बनेगी। इस परिवर्तन में वास्तु सम्मत नियमों का अवश्य उपयोग करें, इससे सकारात्मक ऊर्जा व्याप्त होगी। बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों का अपने अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर हल्का मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**कुंभ** : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। कार्यक्षेत्र में भावुकता की बजाय प्रैक्टिकल तरीके से सबके साथ व्यवहार करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। सहयोगियों तथा कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के कारण खुशनुमा माहौल बनेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**मीन** : आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी परिस्थिति में ऊर्जावान व मानसिक रूप से मजबूत बनाकर रखेगा। अगर पुश्तैनी प्रॉपर्टी संबंधी कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो उसे हल करने के लिए आज का दिन बहुत ही उचित है। धार्मिक विचार उतपन्न होगे। बच्चों का साथ माहौल खुश बनाएगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

# लाल कृष्ण अडवाणी ने बदला भारत की राजनीति का कलेवर

//तरुण विजय //

**अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना,उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था। लाल कृष्ण अडवाणी को भारत रत्न मिलना वास्तव में सम्मान का ही सम्मान है, दो से शिखर तक ले जाने वाले भाजपा के राम भक्त सेनानी नेता अडवाणी ने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को स्थापित किया जब उसके बारे में कहा जाता था की यह तो एके हंगल जैसे साइड करैक्टर की तरह हो सकती है मुख्य धारा में तो कांग्रेस और सेकुलर दल रहेंगे। अडवाणी उस समय देश के सार्वजनिक संवाद की दिशा और धारा बदलने में सफल हुए जब हिन्दुओं पर हमला बोलना, उनकी आस्था की आलोचना करना ही सेक्युलर वाद समझा जाता था। किसी ने उनसे पहले छद्म सेक्युलर वाद की चर्चा प्रारम्भ करने का साहस नहीं दिखाया था। उन्होंने विश्वास पैदा किया कि हिंदुत्व पर आधारित राजनीतिक दल देश में सबके साथ समन्वा कर सकती है- जब उनके नाम के लिए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी स्वाभाविक मानी जाती थी उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अटल जी को प्रधानमंत्री पद हेतु घोषित कर सबको अचंभित कर दिया था।**

उनके जीवन की सबसे बड़ी यात्रा सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा रही जिसमें मैं उनके साथ रथ में श्री नरेंद्र मोदी जीके साथ बराबर बना रहा। जहाँ उनकी रथ यात्रा के पहुँचने का समय रात्रि नौ बजे होता था, मार्ग में अत्यधिक उत्साह और भीड़ के कारण इतनी देरी होती थी कि हम रात्रि 1-2 बजे पहुँच पाते थे, फिर भी हज़ारों लोग उनको सुनने के लिए टिके रहते थे। उनकी रथ की पूजा होती थी, उनके टोयोटा रथ के टायरों की पूजा होती थी, उनको हिन्दू पुनर्जागरण का अग्रदूत माना जाता था। अडवाणी जी सहृदय और सदैव कार्यकर्ताओं के स्नेही रहे। जब जब नरेंद्र भाई मोदी के लिए संगठन में संकट आया उन्होंने अटलजी से आग्रहपूर्वक उनका साथ दिया.. नरेंद्र भाई ने भी अडवाणी जी के प्रति अपना आदर भाव सदैव बनाये रखा।उन के साथ लम्बे समय तक अंतरंग कार्य करते हुए उनके शालीन, शांत, कभी न उग्र होने वाले स्वाभा से मैं सुपरिचित हूँ। उन्होंने सिंधु दर्शन कार्यक्रम के लिए पूरा सहयोग और आशीर्वाद दिया जिससे लड़काः की रक्षा हो सकी और वहां के आर्थिक विकास के लिए असाधारण सहा यता मिली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान स्वयंसेवक हैं। उन्होंने भारत रत्न की स्वीकारोक्ति का जो वक्तव्य दिया है उसमें परम पूज्य श्री गुरूजी के उस वाक्य का उद्धरण दिया है जिसमें इदं न मम इदं राष्ट्राय स्वाहा कह कर सब कुछ राष्ट्रार्पित करने की बात कही गयी थी। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के प्रति उनकी अनन्य भक्ति इतनी है कि उनको एकात्म मानववाद का व्याख्याता भी कहा गया। आर्गेनाइज़र सात्ताहिक में फ़िल्म समीक्षक तथा जब उसके संपादक श्री के आर मलकानी अमरीका यात्रा पर गए तो उसका कार्यभार सँभालने वाले अडवाणी जी की फिल्मों में रूचि जगत प्रसिद्ध है। हर अच्छी फिल्म का उनके द्वारा अक्सर दिल्ली के महादेव रोड फिल्म सभागार में प्रदर्शन होता ही था। उनके साथ मुझे कई फिल्में देखने का अवसर मिला। जब वे देहरादून आये तो मेरी माताजी से मिलने हमारे एक अत्यंत तंग गली के, मकान में आये थे तो पूरे नगर में आश्चर्य हुआ सुरक्षा कर्मी बेहद परेशान भी हुए। उसी रात्रि हम सब देहरादून के एक थियटर में फिल्म देखने गए। उनके जीवन में बहुत दुख वेदनाएँ आयीं। कई अत्यंत कष्टकारी प्रकरण बने, जिन्होंने उनको बहुत व्यथित किया। पर कभी अपने दुःख, वेदना को उन्होंने व्यक्त नहीं किया।अडवाणी जी शाकाहारी हैं, नियम के पक्के, बहुत सीमित और काम खाने वाले। उनको चोकोलेट पसंद है और नवीन पुस्तकों का उनके पास भंडार रहता है। उनके ब्लॉग बहुत लोकप्रिय रहे और उनकी आत्मकथा ने रेकार्ड तोड़ बिक्री की थी। उनके साथ मेरा पहला साक्षात्कार 1979 में पाञ्चजन्य के लिए किया था- और अनेकानेक साक्षात्कारों का संग्रह दिल्ली की प्रकाशक किताबघर ने छापा है। वे बहुत भावुक हैं और जरा सी भावनाप्रधान बात पर उनकी आंखे नम हो जाती हैं। उन्होंने कंभी अपने बच्चों को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया। उनकी बेटी प्रतिभा में उनके प्राण हैं और उनकी सहधर्मिणी आदरणीय कमला जी अडवाणी जी को अपना ÷राम÷ मानती थीं। अडवाणी जी दीर्घायु हों और सच्चे भारत रत्न की भांति सबको राष्ट्रीयता की प्रेरणा देते रहे यही शुभ कामना है।

## दक्षिण भारत की भाजपा की योजना

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन और बिहार में गठबंधन तुड़वा कर नीतीश कुमार को अपने साथ लाने ने के बाद भाजपा नेता उत्तर भारत और हिंदी भाषी प्रदेशों में अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। लेकिन इस बार भाजपा ने सिर्फ बहुमत हासिल करने या तीन सौ सीट जीतने का लक्ष्य नहीं रखा है, बल्कि अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया है। भाजपा चार सौ सीट जीतने का लक्ष्य लेकर लड़ने उतरेगी। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब दक्षिण भारत में भी भाजपा का प्रदर्शन सुधरे। अभी तक दक्षिण भारत में एक कर्नाटक को छोड़ कर भाजपा बाकी राज्यों में हाशिए की पार्टी रही है।

तमिलनाडु और केरल ये दो राज्य ऐसे हैं, जहां भाजपा को लग रहा है कि वह पैर जमा सकती है। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दौरे कर रहे हैं। उनके दौरों और भाजपा की रणनीतियों का नतीजा यह हुआ है कि केरल के एक बड़े नेता पीसी जॉर्ज ने अपनी पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया है। वे छह बार के विधायक हैं और बड़े कैथोलिक ईसाई नेता हैं। सुरेश गोपी को पहले ही भाजपा ने अपने साथ जोड़ा है। सो, भाजपा केरल में खाता खोलने की उम्मीद कर रही है। इसी तरह तमिलनाडु में उसकी नजर वीके शशिकला के भतीजे टीटीवी दिनाकरण पर है। दिनाकरण ने अभी तक चुनाव लड़ने का फैसला नहीं किया है। उनकी पार्टी एआईएमएम का अच्छा खासा आधार है। ध्यान रहे अन्ना डीएमके ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। तो भाजपा दिनाकरण की पार्टी के साथ तालमेल कर सकती है।

# नीतीश कुमार ने जो चाल चली है...उसके असल परिणाम अभी आने बाकी हैं

//उमेश चतुर्वेदी//

**भारतीय गांवों का एक खेल है, दोल्हा-पाती। इसमें खिलाड़ी अपने को बचाने के लिए लगातार एक डाल से दूसरी डाल पर फांदते-कूदते रहते हैं। इस तरह वे खुद को खेल के नियम के अनुसार बचाने की कोशिश करते रहते हैं। वैसे तो यह खेल भारत के तकरीबन हर इलाके के गांवों में प्रचलित है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में यह खेल कुछ ज्यादा ही प्रचलित रहा है। शायद यही वजह है कि बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है। दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है।**

नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था।लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए। बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में स्थायी हो गई। राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही फिर वही दल साथ आ जाते हैं तो जमीनी स्तर पर दुश्मनी निभाने वालों के सामने खीस निपोरने और ठगा महसूस करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बिहार में भी यही हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को नहीं सूझ रहा कि वे अब उस नीतीश को कैसे पचाएं, जिन्होंने उन्हें अछूत बताया, उनके नेताओं को विधानसभा में खरी-खोटी सुनाई। विधानसभा अध्यक्ष का आसन सदन में सबसे ऊंचा होता है।लेकिन नीतीश ने उस आसन पर बैठे विजय सिन्हा को भी नहीं छोड़ा था। सदन में महिलाओं को लेकर उन्होंने अभी कुछ ही महीने पहले तकरीबन अश्लीलता की हद तक का बयान दिया था। तब भाजपा की एक विधायक फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। बदले हालात में उनकी स्थिति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। जनता दल यू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उनका अपना कोर वोटर, जिसमें नीतीश की अपनी कुर्मी जाति के भी लोग हैं, अब गाली देने लगे हैं। उनके सामने भी नीतीश की लानत-मलामत की गई। लोगों का कहना है कि क्या बिहार के राजनीतिक दलों और नेताओं की आंखों में पानी नहीं रह गया है। बिहार के बदले राजनीतिक गठबंधन की नई सरकार को बिहार के हित में बताया जा रहा है। इससे बीजेपी खुद को बेहतर स्थिति में पा रही है। राष्ट्रीय जनता दल खुद को ठगा महसूस कर रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में दो चीजें कम से कम फौरी तौर पर साफ हुई हैं। नीतीश का प्रभामंडल कमजोर हुआ है, वहीं लालू की विरासत पर चलने वाले तेजस्वी का कद बढ़ा है। सरकार टूटने के बाद तेजस्वी ने काफी परिपक्वता का परिचय दिया। इसके चलते बिहार में एक वर्ग ऐसा दिख रहा है, जिसे तेजस्वी से सहानुभूति हो रही है। इसका संकेत साफ है। अगर तेजस्वी का कोर वोटर अपनी आक्रामकता पर काबू रख पाया तो बिहार में आने वाले दिनों में दो ही राजनीतिक ध्रुव होंगे। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी होगी तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल। माना यह जा रहा है कि नीतीश कुमार की पार्टी भविष्य के चुनावों छीजती चली जाएगी। शायद यही वजह है कि भाजपा से अलगाव के बाद जनता दल यू के जिन नेताओं ने नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं की कटु आलोचनाएं की थीं, वे अब भाजपा शरणं गच्छामि की मुद्रा में आते नजर आ रहे हैं। बिहार में बदले राजनीतिक समीकरण का असर आगामी लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा, इसका फायदा एनडीए गठबंधन को मिलना तय माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि अभी देश में दो लहर चल रही है, मोदी लहर और राम लहर। इसका असर चुनावों पर दिखेगा। लेकिन यह भी तय है कि उसके बाद होने वाले चुनावों में जनता दल यू को नीतीश की पलटबाजी की कीमत चुकानी पड़ेगी।

## //पेच पड़ गए हैं//

खबरों में बताया गया है कि अमेरिका भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स आपूर्ति तब तक नहीं करेगा, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह दोनों देशों के रिश्तों में पड़े पेच का संकेत है। अमेरिका ने भारत को समुद्री और आसमानी गार्जियन ड्रोन्स की सप्लाई रोक दी है। बताया गया है कि यह आपूर्ति तब तक नहीं होगी, जब तक भारत में गुरपतवंत सिंह पन्नूं मामले की सार्थक जांच नहीं होती है। यह खबर एक वेबसाइट ने दी कि अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों ने ड्रोन करार की मंजूरी रोक रखी है। इस बारे में जब मीडियाकर्मियों ने संपर्क किया, तो नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने कूटनीतिक भाषा में जवाब दिया कि जो बाइडेन प्रशासन कांग्रेस के साथ इस बारे में कांग्रेस से संवाद कायम रखे हुए है। तीन बिलियन डॉलर का यह ड्रोन करार पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित वॉशिंगटन यात्रा के दौरान हुआ था। आलोचकों ने तब कहा था कि इन ड्रोन्स से अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति को बल मिलेगा, जिसकी कीमत भारत चुका रहा है। बहरहाल, मुद्दे की बात यह है कि जिस ड्रोन सौदे को खुद अमेरिका के लिए फायदेमंद समझा गया, अमेरिकी कांग्रेस ने उसे अब तक हरी झंडी नहीं दी है। यह संकेत है कि अमेरिका में पन्नू मामले को कितनी गंभीरता से लिया गया है। अमेरिका में पन्नू की हत्या की कथित कोशिश से पहले एक अन्य खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या का विवाद सामने आया था। जब कनाडा ने निज्जर हत्याकांड में भारत के हाथ का आरोप लगाया, तो भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दिखाई थी। मगर पन्नू के मामले में भारत ने जांच का एलान किया।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से आचार्य एस एन गोयनका की 100वीं जयंती के साल भर चलने वाले समारोह के समापन समारोह को संबोधित किया।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली के किरारी में एक सरकारी स्कूल के शिलान्यास समारोह के दौरान बोलते हुए।



नई दिल्ली के किरारी में एक सरकारी स्कूल के शिलान्यास समारोह के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी सिंह।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में नवनिर्मित बापू टावर का निरीक्षण किया।



जयपुर में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2024 के दौरान शिक्षिका और लेखिका सुधा मूर्ति।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने धनबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कोयला खनिकों के परिवार के सदस्यों को संबोधित किया।



बारामूला में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके इलाके का दृश्य।



कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव बेंगलुरु में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक वॉकथॉन में भाग लेते हुए।

# भारत पहुंचे फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमान प्रसाद, अयोध्या में रामलला के करेंगे दर्शन, आज एस जयशंकर से करेंगे मुलाकात



**नईदिल्ली, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

फिजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद एक हफ्ते की भारत यात्रा पर हैं। वे रविवार को दिल्ली पहुंचे। वह अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। बिमान प्रसाद का विदेश मंत्रालय इंडो पैसिफिक की मुख्य सचिव परमिता त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। उनकी यात्रा चार से दस फरवरी तक चलेगी और 11 फरवरी को वह अपने देश लौट जाएंगे। बिमान प्रसाद पहले विदेशी नेता हैं, जो 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अयोध्या का दौरा करेंगे और रामलला का दर्शन करेंगे। आज वो विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के साथ-साथ विदेश और शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह से मुलाकात करेंगे। बिमान प्रसाद 6 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और 7 फरवरी को एक अन्य कार्यक्रम के लिए गोवा जाएंगे। 9 फरवरी को प्रसाद अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे, उसके बाद गांधीनगर का दौरा करेंगे। इससे पहले बिमान प्रसाद ने फरवरी 2023 में भारत का दौरा किया था। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा थी। उस यात्रा के दौरान उन्होंने टिकाऊ और डीकार्बोनाइज्ड भविष्य के लिए रणनीतियां विषय पर एक उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय सत्र में भाग लिया।

चर्चा के दौरान, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अगर दुनिया को वास्तव में जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों से लड़ना है, तो डीकार्बोनाइजेशन पर वैश्विक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। मौसम परिवर्तन का सीधा असर फिजी जैसे देशों पर पड़ रहा है।

## रामनगरी से चुनावी तैयारियों को धार देगी भाजपा, अयोध्या में खोला अपना चुनावी कार्यालय

अयोध्या। वैदिक मंत्रोच्चार तथा हवन पूजन के साथ भाजपा के केंद्रीय लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन चुनाव संयोजक डॉ. बांकेबिहारी मणि त्रिपाठी व प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने किया। सिविल लाइन स्थित पुरानी पार्टी कार्यालय को चुनाव कार्यालय बनाया गया है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर चुनाव कार्यालय खोला गया है।सांसद लल्लू सिंह ने कहाकि अगले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा बड़ी जीत प्राप्त करेगी और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरा बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहाकि शहर में जाम से छुटकारा दिलाने के लिए मार्गों का चौड़ीकरण किया गया। छह रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया गया।अयोध्या को सोलर सिटी बनाया जा रहा है। चुनाव प्रभारी डॉ बांकेबिहारी मणि त्रिपाठी ने कहाकि सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आम जनता में उत्साह है। लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहाकि घर-घर संपर्क को और सघन किया जाए। इस अवसर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कमलाशंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, मनमोहन जायसवाल, अरविंद सिंह, राकेशमणि त्रिपाठी, बालकृष्ण वैश्य, आकाशमणि त्रिपाठी, अनूप सिंह, दिवाकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राजमार्गों के आधार पर तैयार होगा सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा, सीएम धामी ने परिवहन विभाग को दिए निर्देश

**देहरादून, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं के ठोस कारण पता लगाने के लिए अब सड़कों के आधार पर भी दुर्घटनाओं का आंकड़ा एकत्र किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि किस प्रकार के मार्गों पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके बाद इन मार्गों को दुरुस्त करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाएगा।प्रदेश ही नहीं, इस समय पूरे देश में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्रालय द्वारा एकत्र आंकड़ों में जो बात सामने आई है, वह यह कि सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं राष्ट्रीय राजमार्गों पर हो रही हैं। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्गों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी सड़क दुर्घटनाओं का विषय उठा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में दुर्घटनाओं का आंकड़ा जिलेवार रखा जाता है। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं का आंकड़ा राजमार्गवार रखा जाए, जिससे यह पता चल सके कि उत्तराखंड में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं किस प्रकार के राजमार्ग पर हो रही हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग कुल मार्ग का तकरीबन 25 प्रतिशत है। ऐसे में यदि यहां भी राष्ट्रीय राजमार्गों पर अधिक दुर्घटनाएं देखी जाती हैं तो फिर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की कार्ययोजना उसी प्रकार से बनाई जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा यदि राज्य स्तरीय राजमार्ग में अधिक निकलता है तो फिर इसके कारणों का अध्ययन कर दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में अब परिवहन विभाग राजमार्गवार आंकड़े एकत्र करेगा।

## राजकुमार राव के साथ में फिल्म श्री में नजर आएंगी अलाया, इंटरव्यू में खोले अपने दिल के राज

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि आपकी योजनाएं कुछ भी हो, लेकिन कई बार जिंदगी उसी दिशा में ले जाती है जो भाग्य में लिखा होता है। साल 2019 में फिल्म जवानी जानेमन से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाली अभिनेत्री अलाया एफ के साथ कुछ ऐसा ही देखा जा सकता है। अभिनेता कबीर बेदी की नातिन तथा अभिनेत्री पूजा बेदी की बेटी अलाया के लिए एक दौर ऐसा भी था जब वह अभिनय से दूर भाग रही थी। इस बारे में अलाया ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं काफी लंबे समय तक एक्टिंग से भागती रही हूं। मैंने अपने परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में देखा है। मेरा ऐसा था कि मैं कुछ भी करना चाहती हूं, लेकिन मैं किसी भी कीमत पर यह नहीं करना चाहती थी।हालांकि मुझे फिल्में पसंद थी। मैंने सोचा कि मैं निर्देशक बन जाऊंगी, क्योंकि स्कूल में भी मैं कई शार्ट फिल्में निर्देशित किया करती थी।

## अखिलेश यादव बोले PDA में विश्वास करने वालों की संख्या 90 प्रतिशत, इस बार सभी एकजुट होकर करेंगे वोट



**लखनऊ, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार पीडीए में विश्वास करने वालों की संख्या 90 प्रतिशत है। इसमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित, 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन व आदिवासी) तथा चार प्रतिशत अगड़े शामिल हैं। यही 90 प्रतिशत इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे।सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा पीडीए की एकजुटता के कारण ही चुनाव में कोई गणित नहीं बैठा पा रही है। भाजपा के पिछले सारे फॉर्मूले इस बार फेल हो गए हैं। उम्मीदवारों के चयन में भाजपा बहुत पीछे छूट गई है। भाजपा को उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं।भाजपा का टिकट लेकर हारने के लिए कोई लड़ना नहीं चाहता है। किसानों के बीच दोगुणी आय के झूठे वादे, खाद की बोरी की चोरी, फसल को नुकसान पहुंचाते पशुओं से छुटकारा दिलाने की झूठी गारंटी, महंगी होती कृषि की लागत के कारण भाजपा विरोधी लहर चल रही है।

# गलत दिशा में आ रही कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर... 10 फीट हवा में उछला, बोनट पर गिरकर मौत



**काकोरी, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

आगरा एक्सप्रेस-वे पर रॉन्ग साइड कार दौड़ा रहे चालक ने रविवार शाम बाइक सवार अमीन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अमीन करीब 10 फीट हवा में उछलकर कार के बोनट पर गिरा और उसकी मौत हो गई।इसके बाद भी कार सवार करीब 100 मीटर तक गाड़ी दौड़ाते रहे। यह देख ग्रामीण दौड़े तो चालक समेत चार लोग कार से उतरे और छोड़कर भाग निकले। काकोरी पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया।अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर के मुताबिक अमीन उन्नाव के औरास तियर गांव का रहने वाले थे। वह चिकन के कपड़ों पर कढ़ाई का काम कराता था। वह रविवार को बाइक से कढ़ाई के कपड़े लेकर आ रहा था इस बीच रॉन्ग साइड कार दौड़ा रहे युवक ने टक्कर मार दी। टक्कर से उछलकर कार के बोनट पर गिरा।

पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से घायल अमीन को अस्पताल लेकर गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक जब उन्होंने कार सवारों को दौड़ाया तो वह गाड़ी से निकलकर गाली देते हुए उन्हें भागे। कार सवार नशे में बताए जा रहे हैं। तलाश जारी है।

## मालदीव की दो विपक्षी पार्टियां राष्ट्रपति के संबोधन का करेंगी बहिष्कार मोहम्मद मुइज्जू के भारत विरोधी नीति से खफा हुआ विपक्ष

**माले 05 फरवरी।** भारत से तनातनी के बीच मालदीव में राजनीतिक उथल-पुथल भी जारी है। देश की दो मुख्य विपक्षी पार्टियों-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी और डेमोक्रेट्स पार्टी ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के संबोधन का बहिष्कार करने का फैसला किया है।मुइज्जू सोमवार को राष्ट्रपति के तौर पर संसद को संबोधित करने वाले हैं। संसद में बहुमत रखने वाली एमडीपी ने अभी तक बहिष्कार की वजह नहीं बताई है। हालांकि, डेमोक्रेट्स ने एक बयान जारी कर उन तीन मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति के कारण संबोधन से दूर रहने की बात कही, जिन्हें संसद ने खारिज कर दिया था। इस साल मालदीव की संसद का यह पहला सत्र है। राष्ट्रपति मुइज्जू सुबह नौ बजे संसद को संबोधित करेंगे। मालदीव के संविधान के मुताबिक, साल के पहले संसदीय सत्र को राष्ट्रपति संबोधित करते हैं।

## हज कमेटी के जरिए जीवन में एक बार ही कर सकेंगे हज यात्रा, विशेष शिविर में जानें वाले यात्रियों को दी गई जानकारी



**वाराणसी, 05 फरवरी ।**

हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों के लिए इंडियन सोसायटी फॉर सोशल रिवाल्यूशन एंड एक्शन (इस्सरा) के तत्वावधान में रविवार को अर्दली बाजार स्थित उल्फत बीबी का हाता में विशेष हज शिविर लगा। पूर्वांचल के 16 जिलों से चुने हज यात्रियों को हज यात्रा 2024 के बारे में जानकारी दी गई। 100 से अधिक लोगों से फॉर्म निश्शुल्क भरवाए गए।बताया गया कि विदेश मंत्रालय के निर्देशानुसार हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा जारी नए आदेशानुसार अब हज कमेटी द्वारा जीवन में एक बार ही हजयात्रा की जा सकती है। मौलाना अब्दुल हादी खां ने अध्यक्षता की। शुरुआत हाफिज गुलाम रसूल ने तिलावते पाक कलाम से की। औरतों को महिला प्रशिक्षक सैय्यदा खानम, निकहत फातिमा, अनम फातिमा ने हज के अरकानों से रूबरू कराया।बताया कि सभी आरजी आजमीन फॉर्म 25 भरकर पहली किस्त 81,800 रुपये स्टेट बैंक या यूनियन बैंक में नौ फरवरी तक जमा कर रसीद ले लें। हज कमेटी द्वारा जारी रिफरेंस नंबर जरूर लिखें, क्योंकि रिफरेंस नंबर के बिना कोई धनराशि बैंक में जमा नहीं होगी। फॉर्म में लगी फोटो की तरह ही एक फोटो पासपोर्ट के पीछे सेलोटेप से चिपकाएं।यदि हजयात्री एचसीओआई द्वारा कुर्बानी कराना चाहते हैं तो इसका रुपया अलग से जमा करना होगा।

## आपकी यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती... भारत में बिताए लम्हों को मैक्रों ने किया साझा तो पीएम मोदी ने यूं जताई खुशी



**नई दिल्ली 05 फरवरी ।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में मैक्रों के हालिया भारत दौरे की झांकियां दिखाई गई हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर भारत आए मैक्रों ने कहा कि फ्रांस भारत में अधिक से अधिक निवेश करना चाहता है।भारत की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि बदलती दुनिया में भारत अग्रिम पंक्ति में रहने वाला है। राष्ट्रपति मैक्रों ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, भारत लोकतांत्रिक, जनसांख्यिकी, आर्थिक और तकनीकी शक्ति है। फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा साझा किए गए इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने मैक्रों के पोस्ट की रि-पोस्ट करते हुए कहा, आपकी यात्रा और गणतंत्र दिवस समारोह में भागीदारी से निश्चित रूप से भारत-फ्रांस की दोस्ती को बढ़ावा मिलेगा। मैक्रों के द्वारा साझा किए गए वीडियो के कैप्शन में लिखा था, भारत की असाधारण यात्रा पर एक नजर।

मैक्रों ने कहा, हम इस तरह के महत्वपूर्ण दिन (नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह) का हिस्सा बनने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे थे। यह हमेशा हमारी यादों में रहेगा। इमैनुएल मैक्रों ने दोनों देशों के बीच संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। दोनों देश मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। वीडियो में फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा, बीते कुछ वर्षों के दौरान हमने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारियों को बढ़ाया है। उन्होंने आगे कहा,हम निश्चित रूप से भारत में अधिक से अधिक निवेश करना चाहते हैं। भले ही हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। अब तक सब कुछ अच्छा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह चाहते हैं कि 2030 तक फ्रांस में तीस हजार छात्र भारत से आएं।

# प्रदेश में हिमपात व वर्षा से जनजीवन प्रभावित, छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट, स्कूलों में आज छुट्टी

**शिमला, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश में वर्षा व हिमपात के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बिजली-पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। प्रदेश में 333 ट्रांसफार्मर बंद हैं, जबकि 56 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं। 475 सड़कें हिमपात के कारण बंद पड़ी हैं। पथ परिवहन निगम की करीब 75 बसें विभिन्न स्थानों पर फंसी हैं। हालांकि, हिमपात के बाद प्रदेश के पर्यटनस्थलों में रौनक बढ़ी है।ताजा हिमपात में मस्ती के लिए सैलानी उमड़ रहे हैं। न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री तक की वृद्धि, जबकि अधिकतम तापमान में तीन से सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई। मौसम विभाग ने सोमवार को छह जिलों लाहुल स्पीति,



किन्नौर, शिमला, कांगड़ा, मंडी व कुल्लू में आंधी व भारी हिमपात की चेतावनी जारी की है। छह जिलों चंबा, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर व सोलन में आंधी व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है।रविवार को अटल टनल रोहतांग में दो फीट, रोहतांग, कुंजम, शिंकुला व बारालाचा दर्रों में ढाई से तीन फीट हिमपात हुआ है। मंडी जिले में सराज, पराशर व कमरुनाग घाटी में हिमपात हुआ है। नारकंडा, कुफरी, रोहड़ू, चौपाल व मनाली में आधा फीट से अधिक हिमपात हुआ है। ऊपरी शिमला के लिए यातायात पूरी तरह से बंद है। मनाली-केलंग के बीच वाहनों की आवाजाही फिर बंद हो गई है। सोलंगनाला की राष्ट्रीय स्की ढलानों में पांच फीट बर्फ की मोटी परत बिछ गई है। मनाली के धुंधी से लेकर सोलंग तक डेढ़ से दो फीट, कोठी गुलाबा व हामटा में भी दो फीट ताजा हिमपात हुआ है।कहां कितने मार्ग बंदलाहुल स्पीति में 157, शिमला में 133, कुल्लू में 71, चंबा में 56, मंडी में 51, किन्नौर में छह और कांगड़ा में एक सड़क बंद है। प्रदेश में सभी स्थानों का अधिकतम तापमान 13.7 डिग्री से कम है। सिरमौर जिला के धौलाकुआं में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 13.7 डिग्री दर्ज किया गया है, जबकि बाकी स्थानों पर 10 डिग्री और उसे कम दर्ज किया गया। हिमपात व वर्षा के कारण कुल्लू व मनाली उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में सोमवार को एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है। एसडीएम मनाली व कुल्लू ने रविवार सायं इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। हिमपात व वर्षा से दोनों उपमंडलों के कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें बाधित हैं। एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने बताया कि कुल्लू, मनाली में हिमपात और वर्षा के चलते शैक्षणिक संस्थानों में एक दिन की छुट्टी दी है। आनी क्षेत्र में पहले ही 12 फरवरी तक स्कूलों में अवकाश है।शानन व बस्सी में विद्युत उत्पादन बढ़ाहिमपात व वर्षा के कारण बरोट स्थित शानन परियोजना के जलाशय में जलस्तर बढ़ जाने से 110 मेगावाट शानन और 66 मेगावाट बस्सी परियोजना में विद्युत उत्पादन भी बढ़ना शुरू हो चुका है।

# 17 जिलों में 10 फरवरी से चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान फाइलेरिया से बचाव को लेकर उप मुख्यमंत्री ने दिए आदेश

**लखनऊ, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 17 जिलों में 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए-आईडीए राउंड) चलाया जाएगा। अभियान के तहत अमेठी, आजमगढ़, बांदा, बाराबंकी, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, प्रयागराज, उन्नाव और वाराणसी में ट्रिपल ड्रग (आइवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल) का सेवन कराया जाएगा जबकि बलिया, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर और सोनभद्र में डबल ड्रग (डीईसी और एल्बेंडाजोल) का सेवन कराया जाएगा।उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निर्देश दिया है कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी सुनिश्चित करें कि फाइलेरिया से बचाव



की दवा खाने से कोई भी वंचित न रहे। घर-घर जाकर दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को अपने सामने ही दवा का सेवन कराएं। यदि घर पर कोई अनुपस्थित है तो दोबारा गृह भ्रमण कर दवा का सेवन कराया जाए। शत-प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आशा कार्यकर्ताओं के गृह भ्रमण के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बूथ भी बनाए जाएं।

जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) को फाइलेरिया रोधी औषधि के सेवन के लिए बूथ के रूप में चयनित किया जाए। जिन जिलों में मेडिकल कालेज स्थापित हैं, वहां भी बूथ संचालित किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के लक्षण (हाइड्रोसील, हाथ-पैर व स्तन में सूजन आदि) पांच से 15 साल में दिखाई देते हैं। इसलिए हर कोई अपने को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करें और समुदाय को भी इस बीमारी से सुरक्षित बनाएं।

## सुक्खू सरकार का दूसरा बजट हो रहा तैयार महिलाओं व युवाओं पर होगा केंद्रित

**शिमला।** प्रदेश सरकार का दूसरा बजट तैयार करने के लिए योजना और वित्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की तीस सदस्यीय टीम सचिवालय पहुंची। रविवार को भी पूरा दिन बजट को अंतिम रूप देने का कार्य चलता रहा। योजना विभाग से योजना सलाहकार डॉ. बसु सूद और वित्त विभाग के उप-सचिव प्रदीप जस्वाल सुबह ग्यारह बजे सचिवालय में पहुंचे। पूरा दिन बजट तैयार करने का काम चलता रहा।मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना नियमित तौर पर रोजाना सांय पांच बजे बजट संबंधी फीडबैक लेते हैं। बजट तैयार करके दस फरवरी को सरकार को सौंप दिया जाएगा। सुक्खू सरकार का दूसरा बजट महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित रहेगा। बजट में दोनों वर्गों को प्रमुखता से रखा जा रहा है।

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से राज्यपाल का अभिभाषण तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है। विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा, अभिभाषण में प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियों में प्रमुखता से 1.36 लाख कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल करने और प्राकृतिक आपदा से प्रदेश के लोगों को बाहर निकालने के लिए 4500 करोड़ का पैकेज जारी करने का उल्लेख शामिल रहेगा।

# पाकिस्तान चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर एक और बम धमाका, 8 फरवरी को होना है आम चुनाव



**बलूचिस्तान, 05 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। पिछले कुछ दिनों देश के भीतर विस्फोट और हिंसक घटनाओं में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है।रविवार को बलूचिस्तान के नुश्की जिले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ। हालांकि, इस विस्फोट में अब तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि ईसीपी कार्यालय के गेट के बाहर विस्फोट हुआ। एआरवाई न्यूज के मुताबिक, पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर दी है और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है। इससे पहले पिछले हफ्ते पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के कराची कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ था। एसएसपी के मुताबिक, विस्फोटक सामग्री ईसीपी कार्यालय की दीवार के पास एक शॉपिंग बैग में रखी गई थी, जो कराची के रेड जोन इलाके में स्थित है। उन्होंने बताया कि विस्फोटक पदार्थ में बॉल बेयरिंग नहीं थे। इस मामले पर चुनाव आयोग ने जिला निगरानी अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दक्षिण से रिपोर्ट मांगी।इस बीच, बलूचिस्तान के विभिन्न शहरों में शुक्रवार को हथगोले के हमलों में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं सहित छह लोग घायल हो गए। हिंसा की कई घटनाओं ने बलूचिस्तान और कराची में चुनाव पूर्व माहौल को खराब कर दिया।डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, कलात शहर के मुगलसराय इलाके में पीपीपी के तीन कार्यकर्ता उस समय घायल हो गए, जब मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात हमलावरों ने पार्टी के चुनाव कार्यालय को निशाना बनाया और इमारत के करीब एक ग्रेनेड विस्फोट किया।वहीं, दूसरी ओर बलूचिस्तान में विभिन्न कस्बों में हथगोले के हमलों में पीपीपी कार्यकर्ताओं सहित छह व्यक्ति घायल हो गए। पाकिस्तान के चार प्रांतों में 8 फरवरी को आम चुनाव होंगे।

## जहां हुई थी 7 अक्टूबर की प्लानिंग... वहां IDF ने मारा छापा

**यरुशलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस लड़ाई में अबतक इजरायली सुरक्षा बलोंके 225 जवानों की मौत हो चुकी है। इसी बीच रविवार (4 जनवरी) को इजरायली सेना ने गाजा में हमास के ट्रेनिंग सेंटर पर छापा मारा था। इस सेंटर पर हमास के लड़ाके 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमले की तैयारी कर रहे थे।सेना ने एक बयान में कहा कि फिलिस्तीनी क्षेत्र के मुख्य दक्षिणी शहर खान यूनिस में स्थित इस ट्रेनिंग सेंटर में इजरायली सैन्य अड्डों, बख्तरबंद वाहनों के साथ-साथ किबुत्जिम के प्रवेश बिंदुओं के मॉडल शामिल थे।

# 100 दिनों तक रहने वाली खांसी होती है गंभीर बीमारी के लक्षण, जानें इसके कारण और इलाज का तरीका



यदि आप या आपका बच्चा कुछ दिनों से तेज खांसी से परेशान हैं तो हम आपके लिए हैं कुछ खास टिप्स. 100 दिनों की लंबी खांसी को पर्टुसिस या काली खांसी भी कहा जाता है. मौसम बदलने के कारण कुछ जगहों पर इस बीमारी के लगातार केसेस बढ़ रहे हैं. लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सच में यह लंबी बीमारी है? इससे कैसे बच सकते हैं? आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको काली खांसी के लक्षण, कारण और इससे बचने के तरीका के बारे में बताएंगे.

**100 दिन की खांसी क्या है?**

100 दिन तक रहने वाली खांसी को पर्टुसिस भी कहते हैं. यह एक गंभीर खांसी है जिसमें सांस की नली में इंफेक्शन हो जाता है. इसमें वैक्सीन लेना बेहद जरूरी हो जाता है. खासकर अगर छोटे बच्चे को यह खांसी शुरू हो जाए तो उन्हें बिना समय गवाएं डॉक्टर के पास ले जाए. अगर इससे पीड़ित मरीज को यह हो जाए तो उसे खांसने, छींकने या बात करने से भी फैलता है. कोई भी व्यक्ति पर्टुसिस से पीड़ित हो सकता है, यह शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से खतरनाक हो सकता है, जिनकी इम्युनिटी कमजोर है उन्हें यह बीमारी तुरंत अपना शिकार बना लेती है.

**काली खांसी के लक्षण:**

शुरुआती लक्षण (1-2 सप्ताह)

बहती या भरी हुई नाक, हल्का बुखार, हल्की खांसी (बच्चों को बिल्कुल भी खांसी नहीं हो सकती है लेकिन एपनिया या सायनोसिस का अनुभव हो सकता है). इन लक्षणों को आसानी से सामान्य सर्दी समझ लिया जा सकता है, जिसके कारण यह बीमारी लंबे दिनों परेशान करने लगती है.

**बाद के लक्षण (2-10 सप्ताह)**

तेज खांसी के दौरे, अक्सर रात में परेशानी का बढना. जैसे ही कोई व्यक्ति सांस लेता है, तेज खांसी होने लगती है. उल्टी, थकान और सांस लेने में कठिनाई भी हो सकती है.

**काली खांसी के कारण:**

पर्टुसिस के पीछे अपराधी बोर्डेटेला पर्टुसिस जीवाणु है. जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता है, छींकता है या बात करता है तो यह हवा के जरिए आसानी से फैलता है. किसी संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से काली खांसी होने का खतरा काफी बढ़ जाता है.

**इलाज**

लक्षणों की गंभीरता को कम करने और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए पर्टुसिस का शीघ्र पता लगाना और सही दिशा में इलाज बेहद महत्वपूर्ण है. एज़िथ्रोमाइसिन या एरिथ्रोमाइसिन जैसे एंटीबायोटिक्स आमतौर पर पर्टुसिस से पीड़ित व्यक्तियों को दिए जाते हैं. ये दवाएं लक्षणों की अवधि और गंभीरता को कम करने और दूसरों में संक्रमण फैलने की संभावना को कम करने में मदद कर सकती हैं.

**रोकथाम**

पर्टुसिस को रोकने के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी तरीका है. डीटीएपी (डिप्थीरिया, टेटनस और असेल्यूलर पर्टुसिस) टीका नियमित रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों को दिया जाता है. जो काली खांसी और इसकी जटिलताओं से सुरक्षा प्रदान करता है. इसके अलावा नौजवानों और वयस्कों के लिए इम्युनिटी बनाए रखने के लिए टीडीएपी नामक बूस्टर वैक्सीन दी जाती है.



## नूतन की पोती प्रनूतन को हॉलीवुड में मिला मौका, सलमान ने कराए थे बॉलीवुड के दर्शन

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नूतन की सुंदरता और शानदार अभिनय के चर्चे आज भी किए जाते हैं।फिल्मों में अपनी उपस्तिथी से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली नूतन की पोती और अभिनेता मोहनीश बहल की बेटी प्रनूतन बहल इस समय सुर्खियों में हैं।अपनी दादी की तरह ही खूबसूरती को लेकर चर्चा बटोरने वाली प्रनूतन अब हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।चलिए जानते हैं उनकी पहली हॉलीवुड फिल्म के बारे में।

प्रनूतन अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म कोको एंड नट में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रनूतन जल्द ही कोको एंड नट में अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रहसान नूर के साथ हॉलीवुड में कदम रखेंगी।यह एक रोमांटिक फिल्म बताई जा रही है। इसका निर्देशन नूर करने वाले हैं।रहसान को 2018 में आई उनकी फिल्म बंगाली ब्यूटी के लिए जाना जाता है। इस फिल्म को समीक्षकों ने भी खूब सराहा था। फिल्म की कहानी एक महिला की है, जिसका किरदार प्रनूतन ने निभाया है।वह अपनी शादी बचाने की कोशिश कर रही है, जिसमें उसे काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कहानी में मोड़ तक आता है जब उसका कॉलेज प्रेमी (नूर) इसमें उसकी मदद करता है।फिल्म का निर्माण अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा।इसकी पूरी शूटिंग जून से जुलाई तक शिकागो में होगी। इसमें अमेरिका-भारत दोनों के कलाकार शामिल होंगे। यह 2025 में रिलीज होगी।

प्रनूतन ने कहा, मैं हमेशा से एक रोमांटिक ड्रामा करना चाहती थी। कोको एंड नट एक खूबसूरत कहानी है। मैं बहुत आभारी हूं कि मैंने ऐसी फिल्म के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत की।नूर ने कहा, मैं अपनी मातृभूमि की फिल्मों के प्रति प्रेम के साथ बड़ा हुआ हूं, इसलिए हम अंग्रेजी और हिंदी में कोको एंड नट बना रहे हैं। इस फिल्म में प्रनूतन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है।

प्रनूतन ने अपने करियर की शुरुआत एसेंशियल लाइक नो अदर नाम की शॉर्ट फिल्म से की थी।हालांकि, बॉलीवुड में कदम उन्होंने 2019 में आई सलमान खान की फिल्म नोटबुक से किया था, जिसमें उनके साथ जहीर इकबाल नजर आए थे।इसके साथ ही अभिनेत्री सतराम रमानी की 2021 में आई कॉमेडी फिल्म हेलमेट नजर आई थीं। इसमें अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार शामिल थे। उन्हें उनके अभिनय के लिए प्रशंसा मिली थी।

## कृति सेनन ने गुलाबी साड़ी में बिखेरा जलवा एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स हुए कायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी खूबसूरती और स्टाइल के लिए जानी जाती हैं. वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपने स्टाइलिश फोटोज शेयर कर उन्हें दीवाना बनाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह गुलाबी साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में कृति सेनन ने गुलाबी रंग की खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जो उनके ऊपर काफी जंच रही है. उन्होंने लाइट मेकअप किया हुआ है, जो उनके चेहरे पर एक अलग ही निखार ला रहा है. उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की खूबसूरती देख यूजर्स लट्टू हो गए हैं और प्यार की बारिश कर रहे हैं. शाहिद कपूर और कृति सैनन इन दिनों फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियों में हैं। पहली बार पर्दे पर यह जोड़ी देखने को मिलेगी, जिसे लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं।शाहिद और कृति इन दिनों अपनी इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं और कई दिलचस्प खुलासे कर रहे हैं।हाल ही में दोनों ने फिल्म और एक-दूसरे के साथ काम करने के अनुभव पर बात की। कृति ने कहा, पहले मुझे यह सामान्य प्रेम कहानी वाली फिल्म लगी थी। मुझे तो बाद में पता चला कि इसमें मेरा किरदार



रोबोटिक होने वाला है। आज हम एआई के युग में जी रहे हैं। आने वाले समय में हो सकता है कि रोबोट हमारे आस-पास घूमें और हमें पता ही न चले। फिल्म की कहानी अनोखी लगी, इसलिए मैंने हामी भर दी।कृति ने इंटरव्यू में शाहिद की भी जमकर तारीफ की। अभिनेत्री बोलीं, शाहिद मेरे सीनियर हैं। हालांकि, उन्होंने मुझे कभी यह महसूस नहीं कराया। वह हमेशा बिंदास रहते थे। सेट पर काफी अच्छा माहौल बनाकर रखते थे। शाहिद को मैं उनकी पहली फिल्म से ही देख रही हूं। उन्होंने कहा, शाहिद के इंटरव्यू देखती हूं तो सोचती हूं कि ये आदमी कितना बुद्धिमान है। हम दोनों दिल्ली के हैं, इसलिए एक जुड़ाव भी है। मुझे शाहिद की इश्क विश्क, कमीने, हैदर और जब वी मेट जैसी फिल्में बहुत पसंद हैं। तेरी बातों में ऐसा रोमांटिक ड्रामा फिल्म 9 फरवरी को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है।

# याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकते हैं ये 5 खाद्य पदार्थ

मस्तिष्क कोशिकाएं या न्यूरॉन्स आपके द्वारा खाए जाने वाले भोजन से प्रभावित हो सकते हैं।वसा और शर्करा से भरपूर खाद्य पदार्थ मस्तिष्क के न्यूरॉन्स में सूजन पैदा करके नुकसान पहुंचा सकते हैं।इससे मस्तिष्क के कामकाज पर असर पड़ सकता है और अवसाद समेत कमजोर याददाश्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं।इन समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए अपनी डाइट में इन 5 खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करें।

ब्लूबेरीज

रोजाना ब्लूबेरीज का सेवन करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकता है।इनमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट मस्तिष्क को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने और सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त ब्लूबेरी में मौजूद फ्लेवोनोइड विशेष रूप से मस्तिष्क के उन क्षेत्रों को लक्षित करते हैं, जो याददाश्त और सीखने से जुड़े होते हैं।यहां जानिए ब्लूबेरीज के सेवन से मिलने वाले अन्य फायदे।

अखरोट

अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक बड़ा स्त्रोत है, जो मस्तिष्क के कार्य के लिए जरूरी है।इसमें विटामिन-श्च भी होता है, जो एक और शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट है। अध्ययनों से पता चला है कि अपनी डाइट में अखरोट को शामिल करने से याददाश्त, सीखने की क्षमता और संज्ञानात्मक कार्य में सुधार हो सकता है।अखरोट का सेवन करने से आपको तनाव से



छुटकारा मिलने के साथ-साथ बेहतर नींद भी प्राप्त हो सकती है।यहां जानिए अखरोट के अन्य फायदे।

संतरा

संतरे में विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार के जोखिम को कम करने और याददाश्त को मजबूत बनाए रखने में मददगार है।एक अध्ययन के अनुसार, इसमें मौजूद बायोफ्लेवोनॉइड्स में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं और आपके मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।इसके अलावा यह समय के साथ याददाश्त कमजोर होने के जोखिम को कम करता है।

हरी पत्तेदार सब्जियां

केल, पालक और मेथी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों को नियासिन और विटामिन-श्च जैसे पोषक गुणों का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। ये दोनों गुण मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।यही नहीं, ये गुण अल्जाइमर (याददाश्त संबंधी रोग) और उम्र के साथ दिखाई देने वाली मानसिक कमजोरी को भी कम करने में सक्षम है।इस आधार पर कहा जा सकता है हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन मस्तिष्क कार्यप्रणाली में सुधार लाया जा सकता है।

साबुत अनाज

याददाश्त को तेज करने के लिए दिमाग को ग्लूकोज की जरूरत होती है और साबुत अनाज इसके लिए बेहतरीन है।इसके अतिरिक्त साबुत अनाज फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत होता है, जो पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद कर सकता है, इसलिए डाइट में साबुत अनाज का होना महत्वपूर्ण है।आप चाहें तो मल्टीग्रेन ब्रेड, होल ग्रेन टॉर्टिला और ब्राउन पास्ता आदि के रूप में साबुत अनाज खा सकते हैं।

## बॉक्स ऑफिस के बाद ओटीटी पर एनिमल का धमाल, 3 दिन में रणबीर कपूर की फिल्म ने बनाया नया रिकॉर्ड

बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने ओटीटी पर भी रिकॉर्ड ब्रेक कर रही है. इस फिल्म को ओटीटी पर इतना बेहतरीन रिस्पांस मिल रहा है कि फिल्म के नाम एक और रिकॉर्ड बन गया है. सिर्फ तीन दिनों में इस फिल्म को दो करोड़ 80 लाख घंटे देखा गया. यानी कि 20.8 मिलियन व्यूज मिले हैं. एनिमल फिल्म ओटीटी पर 26 जनवरी को रिलीज हुई थी. ऐसे में महज 3 दिन के अंदर फिल्म को ओटीटी पर अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा रहा है. जिसे 3 दिन के अंदर अपने नाम एक नया रिकॉर्ड बना दिया है. जिससे इतना



तो तय है कि इस फिल्म को देखने के लिए फैंस बेताब हैं. एनिमल फिल्म में रणबीर ने जबरदस्त एक्टिंग की है. फिल्म में रश्मिका के साथ रणबीर की जोड़ी की खूब तारीफ हुई. ह्यड्डष्ठुद्बद्यद्म की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीबन 643 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन 890 करोड़ है. एनिमल फिल्म के आने के बाद उसके अगले पार्ट को लेकर चर्चाएं तेज है. खबरों की मानें तो संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म की कहानी तैयार कर ली है. रिपोर्ट्स के मुताबिक कहानी में जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलेंगे. फिलहाल फिल्म का बेसिक प्लॉट तैयार किया गया है. जिसे आगने बढ़ाने पर राइटर्स इसी महीने से काम करना शुरू करेंगे.

## इंडियन पुलिस फोर्स ने बनाया ये अनोखा रिकॉर्ड बनी सबसे ज्यादा देखी गई भारतीय सीरीज

भारतीय सिनेमा के शानदार निर्देशकों में से एक रोहित शेट्टी ने अपनी पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की रिलीज के साथ इस साल की धमाकेदार शुरुआत की है।सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत सीरीज के जरिए रोहित ने अपने कॉप यूनिवर्स को और बड़ा बनाया है, जिसको दर्शकों ने खुले दिल से प्यार दिया।प्रशंसकों के प्यार का ही नतीजा है कि यह किसी भी भारतीय सीरीज का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला पहला सीजन बन गया है।



इंडियन पुलिस फोर्स के हाथ एक बहुत बड़ी उपलब्धि लगी है। रोहित निर्देशित सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुए किसी भी भारतीय शो का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला पहला सीजन बन गया है।दिलचस्प बात यह है कि यह शो की रिलीज के महज 1 हफ्ते बाद ही हो गया है। यह दुनियाभर के 65 देशों में टॉप 10 लिस्ट पर भी ट्रेंड कर रही है।इंडिय पुलिस फोर्स दुनियाभर के दर्शकों का दिल जीत रही है।

रोहित ने अपनी सीरीज के हाथ लगी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और प्रशंसकों का धन्यवाद दिया।निर्देशक बोले, प्राइम वीडियो के साथ जुड़ना और भारतीय पुलिस फोर्स के साथ मिलकर सफलता की ऐसी कहानी लिखना बहुत अद्भुत रहा है। मेरे प्रशंसकों ने मेरी पुलिस फिल्मों को पसंद किया है और मुझे भारतीय पुलिस फोर्स के माध्यम से कहानी कहने और एक्शन फिल्मोग्राफी की अपनी कला को स्ट्रीमिंग की दुनिया में पहुंचाने में बहुत खुशी हो रही है। रोहित ने धन्यवाद देने के साथ ही अपनी पूरी टीम को बधाई भी दी।शिल्पा शेट्टी अभिनीत सीरीज को मिल रहे प्यार के लिए आभार जताते हुए निर्देशक ने कहा, मैं उस प्यार और सराहना से रोमांचित हूं जो शो को अब तक न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर के कई अन्य देशों में प्राइम वीडियो पर मिला है। मैं इस शो को बेहद सफल बनाने के लिए अपने सभी प्रशंसकों, कलाकारों और क्रू का आभारी हूं। सभी को बधाई!

## विक्की कौशल की सैम बहादुर का जलवा

विक्की कौशल फिल्म सैम बहादुर की रिलीज के बाद से ही अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सुर्खियां बटोर रहे हैं।भारत के पहले फील्ड मार्शल के जीवन पर आधारित फिल्म में विक्की सैम मानेकशॉ के किरदार में छा गए थे।अब हाल ही में मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक दी।इसी के साथ यह दुनियाभर में जी5 पर देखी जानी वाली अब तक की सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बनकर उभरी है। रिपोर्ट के अनुसार, सैम बहादुर ने जी5 पर अपनी डिजिटल रिलीज के पहले 3 दिनों में ही धमाल मचा दिया है। फिल्म ने दक्षिण एशिया-केंद्रित क्षेत्रों में पहला स्थान हासिल कर लिया है।इसके साथ ही विक्की की फिल्म ने सनी देओल की गदर 2 और मनोज बाजपेयी की सिर्फ एक बंदा काफी है जैसी 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है।

## शब्द सामर्थ्य -324

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रयुक्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 323 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# रॉयल किड्स के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक राजवाड़े





**कोरिया/पटना।** रॉयल किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े द्वारा भगवान श्रीगणेश, मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता और अनुज भैया लक्ष्मण की झांकी रही। कक्षा सातवीं की छात्रा सृष्टि पाण्डे के द्वारा स्वागत नृत्य किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चें इस देश का भविष्य हैं और इस देश के निर्माण की आधार शिला भी है, क्योंकि जब बच्चें पढेंगे, तभी वह अपना भविष्य गढ़ेंगे, इसलिए आप सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा जरूर दें, ताकि वह अपने देश को आगे लेकर जा सके और अपने देश का नेतृत्व कर सके। यह तभी संभव है जब देश का हर एक बच्चा शिक्षित होगा।

उन्होंने कहा कि आज हमारे देश और क्षेत्र के बच्चें अंग्रेजी में बात करते हैं, हमारे समय में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल नहीं हुआ करते थे, आज आप सभी के पास अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त करने के लिए अंग्रेजी स्कूल आप के गांव में ही है और आप के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कही दूर नहीं जाना पड़ता, वह शिक्षा आप के अपने गांव में ही रहकर मिल रही है। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत बैकुंठपुर उपाध्यक्ष आशा महेश साहू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में एक अलग ही प्रभाव पड़ता है और बच्चों के अंदर कुछ अलग करने की इच्छा शक्ति जाग्रित होती है और बच्चों के अंदर से डर समाप्त होता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा भक्ति गीत केशरी के लाल के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। मेरा रंग दे बसंती चोला के नित्य को देख कर सभी दर्शकों के आंखों से आंसू छलक उठें, सभी दर्शक खड़े होकर तालिया बजाने लगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबी यादव, स्कूल शिक्षा समिति के सदस्य प्रमोद सिंह, श्रीमती मीरा सिंह, जितेन्द्र सिंह, कपिल जायसवाल, अनिल जायसवाल, खाड़ा के सरपंच राज कुमार बघेल, महोरा की सरपंच श्रीमती देवमती सिंह, दीलिप गुप्ता, शशि प्रकाश जायसवाल, स्कूल के स्टॉफ अफसाना खातून, बबली साहू, प्रियंका जायसवाल, संध्या पैकरा, सुमित्रा, रजनी दुबे, साधना, नीलम चिकनजूरी, संगीता साहू, तनू गुप्ता, कृष्ण गोपाल पाठक, भूपेन्द्र सोलंकी, नागेश्वर प्रसाद, संतोष यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की संचालिका श्रीमती प्रेमा जायसवाल एवं प्रचार्या श्रीमती इंदू जायसवाल के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या कर पति ने लगा ली फांसी

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के शंकरगढ थाना क्षेत्र के मनोहरपुर में पत्नी की हत्या कर आरोपित पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या के बाद आरोपित पति घर से भाग गया था। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी। इसी बीच उसकी लाश पेड़ पर लटकी मिली। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मनोहरपुर के आश्रित ग्राम मदपुर पाठ निवासी अंधरु राम नगेशिया (40) पत्नी लक्ष्मनिया व बेटी के साथ रहता था। वह पत्नी के चरित्र पर शंका करता था। उसे संदेह था कि पत्नी के दूसरे से संबंध हैं। घटना दिवस गुरुवार को उसकी बेटी नजदीक में रहने वाली दादी के यहां सोई हुई थी। घर में पति-पत्नी ही थे। शुक्रवार की सुबह जब बेटी घर पहुंची तो देखा कि उसकी मां की लाश पड़ी है। गले में स्टाल फंसा हुआ था। उसने स्वजन को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची थी। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखकर अनुमान लगाया जा रहा था कि पति ने रात को पत्नी की उसके ही स्टॉल से गला घोंटकर हत्या कर दी।पुलिस धारा 302 के तहत अपराध पंजीकृत कर आरोपित की खोजबीन में जुटी हुई थी। इसी दौरान अंधरु राम का शव गांव से लगे नदी के पास आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। गांव के ही एक युवक ने मवेशी चराने जाने के दौरान पेड़ के नीचे जूता पड़ा देखा। जब वह पेड़ के पास गया तो अंधरु राम का शव धोती के सहारे पेड़ पर लटका दिखा।

# महतारी वंदना योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए निर्देश

### महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी



**कोरिया।** राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। 05 फरवरी से फॉर्म भरने का काम शुरू हो गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु आवष्यक दिषा निर्देष दिए जिससे कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित न रहें।

ज्ञातव्य है कि इस योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी 2024 को ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। अंतिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी। अंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी 2024 तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

## विदेशी व्यापार से जुड़ी सारी जानकारी मिलेगी अब एक ही जगह



**कोरिया।** जिले में व्यापार के वार्षिक विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड के प्रोत्साहन हेतु विगत दिवस जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री विनय कुमार लगेंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री लंगेह ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए निर्यात पोर्टल के उपयोग पर सभी का ध्यान केंद्रित किया। विदेश व्यापार उप महानिदेशालय (आयात और निर्यात) नागपुर की टीम ने मंडी व्यापारी, एफ. पी. ओ. और विभिन्न व्यापारियों को निर्यात पोर्टल की जानकारी दी और व्यापारियों ने भी इससे जुड़े अपने अनुभव साझा किए। डीजीएफटी नागपुर की टीम द्वारा फाइनेंस, प्रोसीजर ऑफ कस्टम, आईईसी का पंजीकरण की जानकारी साझा की तथा विदेश व्यापार उप महानिदेशालय (आयात और निर्यात) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानती दी। कार्यक्रम के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारतीय डाक विभाग, जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी उपस्थित थे। इस पोर्टल को विदेशी व्यापार से जुड़ी सारी जानकारी को एक जगह पर मुहैया कराने के लिए बनाया गया है, जून 2022 में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्यात पोर्टल का उद्घाटन किया गया। जिस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा की यह नया वाणिज्य भवन और निर्यात पोर्टल आत्मनिर्भर भारत की हमारी आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा था कि यह व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में, खासकर एमएसएमई के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आयेगा।

# 42 जुआड़ियों को जुआ खेलते पकड़ा, 6 लाख 51 हजार 600 रूपये किया जप्त



**सूरजपुर।** दिनांक 3-4 फरवरी 2024 की दरम्यिानी रात्रि में थाना सूरजपुर को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम शिवप्रसादनगर स्थित पेट्रोल पम्प के पास कुछ जुआड़ी हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। इस सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला को अवगत कराने पर उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के नेतृत्व में थाना सूरजपुर व विश्रामपुर की पुलिस टीम गठित कर कार्यवाही के लिए रवाना किया।

पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम शिवप्रसादनगर स्थित पेट्रोल पम्प के पास घेराबंदी कर 42 जुआड़ियों को हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस की इस कार्यवाही में अंतरजिला के जुआड़ियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है।

अपराध क्रमांक 84/24 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 5 जप्ती जुआड़ियों व जुआ फड से 6 लाख 51 हजार 600 रूपये, 42 नग मोबाईल, 3 नग कार, 8 सेट 52 पत्ती ताश।आरोपीगण (1) सुनील शिवहरे निवासी लक्ष्मीपुर अम्बिकापुर (2) निर्मल सिंह ग्राम गंगोटी बसदेई (3) महेन्द्र साहू ग्राम सोनपुर बसदेई (4) हसनैन रजा ग्राम भवराही बसदेई (5) शिवकुमार सिंह ग्राम तिलसिवांपारा भटगांव (6) श्याम सुन्दर गुप्ता ग्राम जरही भटगांव (7) डलेश्वर राजवाड़े ग्राम सलका भटगांव (8) राजेश्वर प्रसाद साहू ग्राम बड़सरा झिलमिली (9) सुरेश कुशवाहा ग्राम पर्री सूरजपुर (10) दीपक सिंह ग्राम पर्री सूरजपुर (11) तुलेश्वर राम गाम जरहाडीह रघुनाथपुर (12) शिवकुमार विश्वकर्मा ग्राम सलका भटगांव (13) सत्येन्द्र सिदार ग्राम सलका, उदयपुर (14) नीरज जायसवाल ग्राम सलका, उदयपुर (15) कमलेश साहू ग्राम सरना, रघुनाथनगर (16) रामप्रसाद राजवाड़े ग्राम गजाधरपुर लटोरी (17) विपिन हलधर ग्राम सरगवां अम्बिकापुर (18) ठाकुर राजवाड़े ग्राम बतरा विश्रामपुर (19) सावन अग्रवाल ग्राम सरगवां उदयपुर (20) आकाश जायसवाल बौरीपारा अम्बिकापुर (21) राजू तांडिया ग्राम शिवप्रसादनगर बसदेई (22) अमित कुजूर ग्राम गंगापुर खुर्द अम्बिकापुर (23) बिकुल सोनी, मायापुर अम्बिकापुर (24) नरेश मुंडा अम्बिकापुर (25) तनवीर आलम ग्राम लटोरी (26) मुनेश्वर साहू मणीपुर अम्बिकापुर (27) आलोक पैंकरा, दर्रीपारा अम्बिकापुर (28) खुर्शीद आलम ग्राम करवां लटोरी (29) राहुल सिंह, अम्बिकापुर (30) नंदूलाल पैंकरा ग्राम मोहली झिलमिली (31) सुजीत गुप्ता, मणीपुर अम्बिकापुर (32) आलम खान ग्राम डांडगांव उदयपुर (33) राजू सिंह ग्राम डांडगांव उदयपुर (34) अजय तिर्की अम्बिकापुर (35) साजिद अंसारी ग्राम बटवाही लुण्ड्रा (36) मोहम्मद ताहिर ग्राम भवराही बसदेई (37) जय प्रकाश साहू ग्राम बड़सरा झिलमिली (38) अविनाश एक्का, गांधीनगर अम्बिकापुर (39) हदीश अंसारी ग्राम सोनपुर बसदेई (40) सुशील साहू ग्राम बड़सरा झिलमिली (41) प्रीतम दुबे ग्राम बड़सरा झिलमिली (42) विकास मिंज ग्राम भकुरा, अम्बिकापुर।

कार्यवाही में शामील पुलिस टीम- कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, जयप्रकाष तिवारी, राहुल गुप्ता, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, अखिलेष पाण्डेय, प्रमोद सिंह, समेष्वर, संजीव राजवाड़े व शैलेन्द्र सिंह सक्रिय रहे।

## मणिपुर की समस्याओं पर रायपुर में संगोष्ठी

**रायपुर।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की समस्याओं पर विचार-विमर्श के लिए बीती शाम छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । यह संगोष्ठी स्थानीय न्यू राजेन्द्र नगर के नुक्कड़ कैफे में रखी गयी। डॉक्टरों की समाजसेवी संस्था 'डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट्स (दोस्त) के संयोजक डॉ. सत्यजीत साहू ने आज बताया कि संगोष्ठी में उन्होंने और 'दोस्त' की टीम के सदस्यों ने पिछले महीने के अपने मणिपुर प्रवास के अनुभवों को साझा किया। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता कनक तिवारी भी अपने विचार व्यक्त किए। दोस्त की टीम से डॉ. साहू के अलावा डॉ. संगीता कौशिक, एडवोकेट संतोष ठाकुर, सूरज दुबे और सुनील शर्मा ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया . दोस्त की टीम ने मणिपुर की मानवीय समस्याओं को रेखांकित करते हुए और भी अधिक राहत उपायों की ज़रूरत बतायी । संगोष्ठी में विनयशील , प्रो . निगम, अशोक तिवारी, मिसेज़ दुबे और मनीष ने भी अपने विचार रखे। राजधानी रायपुर के अनेक प्रबुद्ध नागरिकों और और युवाओं ने संगोष्ठी में हिस्सा लिया।

## कचना फाटक के पास से टाटा मैजिक वाहन पार

**रायपुर।** कचना फाटक खम्हारडीह के पास खड़ी टाटा मैजिक वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी टोयला बाग 53 वर्ष पार्वती नगर खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी टाटा मैजिक वाहहन क्रमांक सीजी 04 टीए 0696 को कचना फाटक खम्हारडीह के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए वाहन की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** कर्मा चौक के पास चंगोराभाठा में पुरानी रंजिश के चले तीन लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंदन सिंह ठाकुर 24 वर्ष शिव नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह कर्मा चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी पलासा चौधरी, देव निर्मलकर व वरदार निर्मलकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दो बाइक आपस में भिड़ी, एक की मौत

**रायपुर।** ग्राम मढ़ी के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मढ़ी निवासी मृतक लक्ष्मण साहू 60 वर्ष गांव के ही बेदराम साहू के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएन 7043 में कहीं जा रहा था, तभी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 04 केबी 7844 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लक्ष्मण के बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे लक्ष्मण की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची धरसींवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आजाद चौक पुलिस ने ओला शो रूम के सामने रामकुण्ड में सरेआम शराब पीते आरोपी रोहित सिन्हा 49 वर्ष एवं गुढियारी पुलिस ने आरोपी मोतीलाल साहू 32 वर्ष, रामजी साहू 38 वर्ष, मिथलेश वर्मा 32 वर्ष, सुनील कुमार डोडसे 41 वर्ष व लीकेश रेड्डी 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## बाल विवाह पर लगाए रोक, घर आई बारात लौटी

**रायपुर।** जिले के फिंगेस्वर विकासखण्ड अंतर्गत राजिम में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन पर रोक लगाई गई। उल्लेखनीय है कि विगत 4 फरवरी 2024 को जिला बाल संरक्षण इकाई पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु स्कूल अंकसूची के आधार पर आयु सत्यापन किया गया।जिसमें बालिका की आयु 17 वर्ष 9 माह होना पाया गया।बालिका का विवाह आज ही होना तय था बारात भी पहुंच चुकी थी जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में न्यायालय बाल कल्याण के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार नागदेवे ने तत्काल कार्यवाही करते हुए विवाह स्थल में पहुंच कर विवाह को रोका गया।

# बच्चे का नहीं मिला सुराग, नगरवासियों ने घेरा थाना



**प्रतापपुर।** सात दिनों बाद भी लापता बच्चे का कोई सुराग न मिलने से आक्रोशित नगरवासियों ने रविवार को प्रतापपुर थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का छात्र व नगर के होटल व्यवसायी अशोक कश्यप का 10 वर्षीय पुत्र रिशु 29 जनवरी को स्कूल से आने के बाद अपने होटल जा रहा हूं बोलकर घर से निकला और इसके बाद वह लापता हो गया। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद बच्चे का कोई भी सुराग नहीं मिल पा रहा है। पुलिस ने बच्चे की तलाश में अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है पर उसका कहीं पर भी कोई पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस द्वारा बच्चे का पता लगाने में अब तक असफल रहने से नाराज लोगों ने नगर के हनुमान मंदिर परिसर में बैठक की। इसमें लापता बच्चे के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा उपरांत बड़ी संख्या में बैठक में मौजूद आक्रोशित लोगों ने रिशु को वापस लाना होगा पुलिस प्रशासन होश में आओ के नारे लगाते हुए नगर में रैली निकाली। इसके बाद सभी लोग थाने पहुंचे और वहां भी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच एसडीओपी अरुण नेताम, थाना प्रभारी किशोर केरकेट्टा, एएसआई हरिशंकर तिवारी ने आक्रोशित लोगों को समझाइश देते हुए बताया कि पुलिस बच्चे की तलाश में कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है। बच्चे की जानकारी के साथ उसके लापता होने की सूचना सूरजपुर जिला सहित अन्य कई जिलों के सभी थाना-चौकियों में भी दी गई है।

बच्चे की तलाश के लिए सभी आधुनिक तकनीकों की भी सहायता ली जा रही है साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों को भी थाने में बैठाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से कहा कि आप लोग पुलिस का सहयोग करें पुलिस बच्चे की तलाश करने हर संभव प्रयास कर रही है। जल्द ही बच्चे का पता लगा लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस की समझाइश के बाद लोग शांत होकर अपने घरों को जरूर लौट गए हैं पर लोगों का कहना था कि यदि पुलिस ने जल्द ही बच्चे का पता नहीं लगाया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

थाने का घेराव करने पहुंचे आक्रोशित नगरवासियों ने पुलिस को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें बच्चे के लापता होने से संबंधित विवरण दर्शाते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि पुलिस सोमवार की शाम छह बजे तक भी बच्चे का सुराग नहीं लगा पाती है तो नगर के मुख्य मार्ग पर सभी नगरवासियों द्वारा चक्का जाम किया जाएगा। इसकी समस्त जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी। बच्चे की तलाश करने पुलिस द्वारा 31 जनवरी को डाग स्क्वायड टीम को भी बच्चे के घर पर ले जाया गया था जहां टीम के श्वान ने बच्चे के घर के सामने स्थित पक्की तालाब की ओर बच्चे के जाने का इशारा किया था। इसके बाद सूरजपुर से डीडीआरएफ के गोताखोरों ने आकर तालाब में प्रवेश करते हुए कैमरे व नाव की मदद से पूरे तालाब को छान दिया था पर वहां भी बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल सका था।

# वर्दी फाड़ने के बाद भी आबकारी टीम ने दबोचा और जब्त किया गांजा

**अंबिकापुर।** मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध आबकारी अमले की कार्रवाई जारी है। रविवार को आबकारी विभाग की संभागीय उड़नदस्ता टीम ने विरोध के बीच अंबिकापुर के दर्रीपारा निवासी बलराम मिश्रा के घर से साढ़े तीन किलो गांजा जब्त किया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपित के परिवार के महिला सदस्यों ने आबकारी विभाग के दो कर्मचारियों की वर्दी भी फाड़ दी।

आबकारी अमले ने संयम से काम लेते हुए जांच पूरी की। गाली-गलौज और वर्दी फाड़ने तथा शासकीय कार्य में बाधा की पृथक से लिखित शिकायत पुलिस से भी की गई है। पुलिस भी प्रकरण की जांच कर रही है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता कार्यालय को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की दर्रीपारा निवासी बलराम मिश्रा अपने घर में भारी मात्रा में गांजा रखकर पत्नी के साथ बिक्री करता है। उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के दिशानिर्देश पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने टीम के साथ दर्रीपारा निवासी बलराम मिश्रा के घर दबिश दी। आरोपित के घर गांजा की पुख्ता ख़बर थी। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि टीम के पहुंचते ही बलराम के परिवार की महिला सदस्यों द्वारा आबकारी टीम के साथ गाली गलौज, झूमा झटकी कर शासकीय कार्य में बाधा डालना शुरू किया गया। महिला सैनिक एवं आरक्षक का वर्दी फाड़ दिया गया। तत्पश्चात टीम के सदस्यों ने उनको काबू में करने के पश्चात घर की तलाशी ली। घर से साढ़े तीन किलो गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत गिरफ्तार कर आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। इस कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग की ओर से लिखित में शासकीय कार्य मे बाधा की शिकायत पुलिस से की गई है।

उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा ,नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं ममता विश्वकर्मा शामिल रहे।



## रेत के अवैध उत्खनन से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बल्गी सुराकछार स्थित अहिरन नदी से रेत के अवैध उत्खनन को बंद किये जाने की मांग को लेकर डंगनियाखार के ग्रामीणों ने आज बांकीमोंगरा से कोरबा जाने वाले मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया गया।

ग्रामीणों की मांग है कि नदी से रेत उत्खन्न बंद हो रेत तस्कर नदी को खोखला करने के साथ साथ नदी के किनारे तक का नही छोड़ रहे लगातार अवैध रूप से बालू व मिट्टी का उत्खन्न किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने पूर्व में कलेक्ट्रेट एवं माइंनिंग विभाग को इसके संबंध में कार्रवाई करने की बात कही थी। जिसपर कार्रवाई न होता देख क्षेत्र के ग्रामवासी आज चक्का जाम कर दिए। ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम किए जाने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे साथ ही क्षेत्रीय तहसीलदार भी वहां पहुंचे और ग्रामीणों का समझाने का प्रयास किए। लेकिन अब तक कोई समझौता नही हो पाया है। ग्रामीण माइनिंग विभाग के अफसरों को बुलाने की मांग कर रहे है। लेकिन अधिकारी नहीं पहुंचे। फलस्वरूप कोई बातचीत नही हो पा रही है। और चक्काजाम जारी है।

## एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा का सर्वर हुआ खराब

# वाहनों की खदान में एन्ट्री नहीं होने से सड़कों पर लगी कतार, लोग फंसे जाम में

**कोरबा।** एसईसीएल की मंगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा खदान में सर्वर खराब होने के कारण कोयला लदान के लिए भारी वाहनों की एन्ट्री नही हो सकी फलस्वरूप खदान के बाहर कोयालचल की सड़को पर वाहनो की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति निर्मित होने से आने जाने वाले को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा कई वाहन व आमजन जिन्हे ड्यूटी जाना था, स्कूली बच्चे भी जाम में फंसे नजर आए स्कूल बस आगे नही बढ़ने की दशा में बच्चे पैदल ही कई किलोमीटर चल कर स्कूल पहुंचे जाम कुसमुंडा थाना चौक से इमलीछापर चौक , शिव मंदिर चौक कुचैना मोड़ तक लगी रही । सड़को पर मेगा जाम की सूचना मिलने पर कुसमुंडा थाना प्रभारी मनीष नागर सुबह से दलबल सहित मौके पर पहुंचे और जाम को खुलवाने मशक्कत करने लगे । लेकिन इन पंक्तियो के लिखे जाने तक उन्हें सफसला नही मिल पायी है। और लोग मेगा जाम में फंसे हुए है। बताया जाता है कि रविवार की देर शाम से कुसमुंडा खदान में सर्वर खराब है। जो आज दोपहर तक नही बन पाया था । सर्वर खराब होने की वजह से कोयला लेने वाहनो की खदा न के भीतर एन्ट्री नही हो पा रही है। और वाहनों की कतार बढ़ती ही जा रही है।



## आईपीएस बनने से पहले पत्रकारिता से जुड़े थे नवपदस्थ कप्तान



**कोरबा।** छग गृह विभाग ने 25 जिलों के पुलिस कप्तान बदल दिए हैं। इनमे जांजगीर-चाम्पा, सक्ती, जीपीएम, मुंगेली जैसे जिले शामिल हैं। कोरबा में पुलिस की कप्तानी तेज-तर्रार, युवा आईपीएस अफसर सिद्धार्थ तिवारी को सौंपी गई हैं। वे जिले के 20वें कप्तान होंगे। पूर्व कप्तान जितेंद्र शुक्ला दुर्ग जिले के एसपी बनाये गए है।

मूलतः दिल्ली के रहने वाले सिद्धार्थ तिवारी 2015 बैच के आईपीएस अफसर हैं। गौरतलब हैं कि सिविल सर्विस से पहले सिद्धार्थ तिवारी पत्रकार थे। इस दौरान उनमें देश के साथ समाज सेवा का जज्बा जगा और उन्होंने संघ लोकसेवा की परीक्षा में हाथ आजमाया। उन्हें 2015 में कामयाबी मिली और छत्तीसगढ़ कैडर हासिल किया। सिद्धार्थ तिवारी की पहली पोस्टिंग दुर्ग जिले में हुई जिसके ठीक बाद उन्हें देश के सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा की कमान सौंपी गई। यहाँ उन्होंने बखूबी काम किया और नक्सल उन्मूलन अभियान को धार दी। वे अभिषेक पल्लव के बाद दंतेवाड़ा के एसपी बने थे। पुलिस सेवा में आने से पहले वे दिल्ली में पत्रकारिता करते थे। इस दौरान उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि अगर जनता की सेवा करनी है तो उन्हें यूपीएससी के माध्यम से दूसरा कोई बेहतर विकल्प नहीं मिल सकता। तब उन्होंने यूपीएससी के लिए प्रयास किया। 2015 में उन्हें सफलता मिली।


## प्रताप भवन में आज शाम 5 बजे शोकसभा आहूत



**कोरबा।** जिला राजपूत क्षत्रिय समाज कोरबा के अध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह ने समाज के प्रबंधकारिणी से लेकर सामान्य सभा के सभी सदस्यों की एक आवश्यक शोकसभा आज शाम 5 बजे महाराणा प्रताप भवन प्रांगण स्थित कार्यालय के सामने बुधवारी रामजानकी मंदिर में आहूत की है। उन्होंने इस अवसर पर समाज के वरिष्ठतम मार्गदर्शक संरक्षक तथा पूर्व जिलाध्यक्ष रहे समाजसेवी उमाशंकर सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी सदस्यों से शाम 5 बजे प्रताप भवन पहुंचने की अपील की है। ज्ञात रहे कि स्व. श्री सिंह कोरबा राजपूत क्षत्रिय समाज को काफी ऊंचाईयों तक ले जाने तक अगली पंक्ति पर खड़े होकर नेतृत्व करते हुए हमेशा डटे रहते थे। जिनके कार्यकाल में काफी रचनात्मक कार्य हुए हैं। उस दौरान उनके सहयोगी महासचिव अवेधश सिंह एवं बच्चू सिंह कोषाध्यक्ष हुआ करते थे।

# जिले में आखिरी दिन 128 किसानों ने बेचा 06 हजार 628 क्विंटल धान

**कोरबा।** जिले के 65 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य रविवार को समाप्त हो गया। आखिरी दिन जिले के 30 उपार्जन केंद्रो में 9,321 क्विंटल धान बेचने के लिए 160 किसानों ने टोकन कटवाया था। इनमें 29 उपार्जन केंद्रों में 128 किसानों ने 6,628 क्विंटल धान विक्रय किया। खरीदी शुरू होने के 96 दिन बाद कुल 28.67 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। उठाव के लिए उपार्जन केंद्रों में 6.39 लाख धान अब भी शेष हैं। प्रशासन का पूरा ध्यान अब धान उठाव पर होगा।



जिले में अब तक हुई धान खरीदी ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शासन की ओर जिले में 25 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। उम्मीद से 3.67 लाख क्विंटल धान की अधिक खरीदी हुई है। बीते वर्ष की तुलना में छह लाख क्विंटल धान की अधिक खरीदी हुई है। पिछले साल खरीफ वर्ष 2022-23 में 43,337 किसानों ने 60 उपार्जन केंद्रों में धान बेचा था। इस वर्ष अगस्त से 31 अक्टूबर तक चली नवीन पंजीयन में 5954 किसान शामिल हुए। इनमें 196 किसानों का पंजीयन निरस्त हो गया। इस बार धान बेचने के लिए 51,183 किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें 43,491 किसानों ने धान बेचा है। धान बिक्री के लिए कुल रकबा 72 हजार 774.01 हेक्टयेर है। जिसमे इस वर्ष 5663.01 हेक्टेयर रकबा में बढ़त हुई है। बीते वर्ष किसानों ने 22 लाख 2514 क्विंटल धान बेचा था। जिले में 52 लाख बारदानों की आवश्यकता थी जिसके विपरीत पर 48 लाख बारदानों का संग्रहण किया गया। बारदानों की कमी को देखते हुए मार्कफेड ने प्लास्टिक बारदानों की आपूर्ति बढ़ा दी। जिससे किसानों को धान बेचने में सहूलियत हुई। धान खरीदी में बिचौलियों की सक्रियता को रोकने लिए प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी थी। जिलें में पंजीकृत 51,183 में 7,692 किसानों ने धान नहीं बेचा है।

नवगठित सरकार ने इस बार प्रत्येक किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की है। चुनावी घोषणा पत्र में 3100 रूपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया है। किसानों को पुराना 2195 रूपये दर से भुगतान की गई है। किसानों को अब अंतर की राशि के भुगतान का इंतजार है। माना जा रहा है लोकसभा चुनाव के पहले यह राशि किसानों के खाते में प्रदाय की जाएगी। चुनावी वर्ष होने की वजह से किसानों धान बिक्री के एवज में खूब लाभ मिला है। पांच साल पहले धान बेचने वाले 18,345 किसानों को वर्तमान सरकार ने दो साल की बोनस राशि प्रदान की गई।

## अधिकारियों ने गेवरा खदान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** बढ़ते प्रदूषण व कोयला कामगारों को हो रही परेशानी को देखते हुए आज अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने गेवरा खदान का निरीक्षण किया लगातार सड़को पर पानी छिड़काव के बाद भी कोयला काम गारों को आने-जाने में परेशानी होती है। इस मामले में यूनियन प्रतिनिधियों नें काफी गंभीरता से लिया है। खदान क्षेत्र में भी कोयला कामगारों को काम करने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। अधिकारियों के साथ दीपक उपाध्याय, एलपी अगरिया, रेश्म लाल यादव, गोपाल यादव, डीके मिश्रा, जनाराम कर्ष, रामनारायण साहू, प्रीमत राठौर ने खदान क्षेत्र पहुंचकर कोयला कामगारों से प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा की है। खदान का अवलोकन करने के बाद सभी समस्याओं पर अगल से चर्चा करते हुए निर्णय लिया जाएगा।

## आत्मानंद स्कूल में व्यापक भ्रष्टाचार पूर्व मंत्री कंवर ने की जाांच की मांग



**कोरबा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल रेनोवेशन व समाग्री सप्लाई में भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगाते हुए जांच के लिए प्रदेश स्तर पर समिति बनाकर जांच कराने की मांग की है। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को लिखे पत्र में भाजपा नेता ने कहा है कि कांग्रेस शासन काल में पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिनोवेशन व सामग्री सप्लाई में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। सामग्री निम्न स्तर का सप्लाई किया गया है। जो वर्तमान स्थिति में बहुत खराब हो चुकी है। जिला खनिज न्यास मद की राशि से हुए इस भ्रष्टाचार की जांच राज्य स्तर पर समिति बनाकर कराई जाए। साथ ही दोषी ठेकेदार व संबंधित एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी के विरुध्द अपराधिक मामला दर्ज कर राशी वसूली की कार्यवाही की जाए।

## कोरबा लोकसभा के लिए भाजपा ने मोहले, सवन्नी व सौरभ बनाया पर्यवेक्षक



**कोरबा।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कोरबा में पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, भूपेंद्र सवन्नी व सौरभ सिंह को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव द्वारा की गई है। शीघ्र ही ये पर्यवेक्षक कोरबा लोकसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आगामी चुनाव के लिए रणनीति बनाएंगे। साथ ही पार्टी प्रत्याशी की खोज भी करेंगे।

## मैग्जिन मार्ग में आने-जाने में होती असुविधा

**कोरबा।** बगदेवा मैग्जिन मार्ग में लाईट की व्यवस्था सही नही होने पर कोयला कामगारों को रात्रि पाली में परेशानी होती है। इस मामले को आईआर बैठक में जोरशोर से उठाया गया। उदेश्वर नायक व अजीत सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि रात्रि पाली में आने-जाने वाले कोयला कामगार भयभीत रहते है। इसी तरह मोटर साइकिल स्टैड को कांक्रेटी करण किए जाने की जरूरत है। बरसात के दिनों में मोटर साइकिल मिट्टी में धस कर नीचे गिर जाते है। इसके अलावा खदान मुहावड़े तक आने-जाने वाली मार्ग पर सेड लगाए जाने की जरूरत है कोयला कामगार बरसात के दिनों में पानी से भीग जाते है। और उन्हे गिलो कपड़ो में काम करना पड़ता है।

*कोरबा। जिले में नए कप्तान के द्वारा चार्ज लिए जाने के बाद व्यापक पैमाने पर पुलिस विभाग में नए सिरे से स्थानांतरण आदेश जारी किये जाने की संभावना जताई जा रही है। जिसके कारण लूप लाइन में पड़े पुलिस अधिकारी व कर्मचारी इंतजाररत हैं।

## खदान में हुई चोरियों का आज देर शाम होगा खुलासा

**कोरबा।** एसईसीएल के मानिकपुर खदान क्षेत्र में हुई लोहे के पाट्‌र्स व अन्य उपकरणों की हजारों की चोरियों के मामले में मानिकपुर चौकी पुलिस ने प्रथम दृष्टया 3 संदेही कबाड़ चोरों को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं द्वितीय दृष्टया इस मामले में कुछ अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है जिन्हें भी पकड़ लिया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज शाम को इस मामले में व्यापक खुलासा अधिकारियों द्वारा मीडिया के समक्ष किया जाएगा।

## रॉयल क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता बनी एमसीसी सर्वमंगला की टीम

**मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अग्रवाल ने किया पुरस्कार वितरित**



**कोरबा।** एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप के खेल मैदान में आयोजित रॉयल स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 के समापन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रदेश के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर टूर्नामेंट का कल समापन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद ने टूर्नामेंट के फायनल में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों तथा उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए सभी को खेल भावना से जीत और हार को स्वीकार करने की प्रेरणा दी। जिससे कि विजयी टीम अति उत्साहित न हो और पराजित टीम हतोत्साहित न हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राजस्व मंत्री ने विजेता टीम एनसीसी क्लब मां सर्वमंगला रॉयल क्रिकेट क्लब के कप्तान को आयोजकों की ओर से शील्ड एवं प्रथम पुरस्कार बतौर 12 हजार रुपए दिए एवं स्वयं की ओर से उपविजेता रॉयल क्रिकेट क्लब सुभाष ब्लॉक मुड़ापार की टीम को 6 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में जिले की कुल 13 टीमों ने भाग लिया था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह, वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद शैलेंद्र सिंह पप्पी तथा आयोजन समिति के आयोजक मोहम्मद अरमान हसन, आरएससीसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अरमान हसन द्वारा किया गया।

## प्रदेश प्रभारी 12 को आएंगे

**कोरबा।** बसपा के प्रदेश प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार 12 फरवरी को कोरबा आएगें और दो-तीन कार्यक्रमों में भाग लेगें। श्री अहिरवार के स्वागत के लिए जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ,मूलचंद आजाद ,सत्यजीत कुर्रे, त्रिवेणी भास्कर, मनोज हीरवानी, जगम राम राठिया, एसअर. निराला, बाबू लाल टंडन स्वगत की तैयारी में लगे हुए है। इसी तरह दूसरे दिन 13 फरवरी को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसकी व्यापाक तैयारी की गई है।





**कोरबा।** निवर्तमान कप्तान जितेंद्र शुक्ला विशाल नेत्र शिविर का सड़क सुरक्षा अभियान में दोपहर को शुभारंभ करेंगे। सैकड़ों वाहन चालकों, पुलिस कर्मियों का होगा नेत्र परीक्षण। शिविर में अधिकाधिक संख्या में लोगों के शामिल होने का आह्वान एएसपी अभिषेक वर्मा, सीएसपी कोरबा भूषण एक्का, सीएसपी दर्री रॉबिंसन गुड़िया, ट्रैफिक प्रभारी गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर, घनश्याम सिंह राजपूत एवं सह आयोजक नितीन गुप्ता, महेश गुप्ता चश्मा घर ने किया है।

## धर्म जागरण समन्वयन समिति की बैठक

**कोरबा।** धर्मजागरण समन्वयन समिति की बैठक रायपुर में आयोजित की गई। इसमें कोरबा जिला प्रशासनिक प्रमुख कृष्ण कुमाा द्विवेदी भी शामिल हुए। रायपुर में लोकसभा की तैयारियों पर चर्चा की गई इसके अलावा अन्य कई मुद्दो पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की गई।


**बेचना है**

दर्री रोड कोरबा स्वर्ण सिटी में 3000 वर्गफुट का प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें।

9826145363

**QUESS**
WINNING TOGETHER

Interview Location
Hotel Akash, Tilak Marg, Press Club, Budhwari Bypass Marg, T.P. Nagar, Korba (C.G.)

Interview Date & Time
09/02/2024 (Friday) 9 am to 5 pm.

Mechanical Engineer - BTech/Diploma - Exp 2-5 Years
Master Technician - ITI (Mechanical) - Exp 5-10 Years
Senior Technician - ITI (Mechanical) - Exp 4-8 Years
Technician - ITI/Non ITI (Mechannical) - Exp 3-7 Years
Junior Technician - ITI/Non ITI (Mechannical) - Exp 1-5 Years
Welder/Cutter - ITI/Non ITI (Mechannical) - Exp 3-5 Years
Rigger - ITI/Non ITI (Mechannical) - Exp 3-5 Years
Senior Operator - ITI (Operation) - Exp 5-10 Years
Technician Operator - ITI (Operation) - Exp 3-7 Years

Perforable Steel Industry Knowledge Blast Furnace/Sinter etc.

Working Location - Jindal Steel & Power Raigarh, C.G.

Contact - Mr. Sikandar Khan - 9179327723

AXOR | Vega
ISI हेलमेट उपलब्ध





वेगा कंपनी के हेलमेट के विभिन्न वेरायटी उपलब्ध है।
वासु टायर्स
गायत्री मंदिर के पास, टी.पी.नगर, कोरबा (छ.ग.)
7828364476

होटल आकाश
सर्व सुविधायुक्त रूम एवं हॉल उपलब्ध
हॉल -
400Sq.ft. से लेकर 2500Sq.ft. तक
15 से लेकर 300 व्यक्तियों की व्यवस्था
तरूण छत्तीसगढ़ के बगल में, तिलक मार्ग बुधवारी बायपास रोड, कोरबा (छ.ग.)
बर्थडे पार्टी, तिलक समारोह, कीटी पार्टी एवं हर प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए आपके बजट पर हमेशा तैयार मिलेगा ।
संपर्क करें 9425223290, 8908530000, 8103865081




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com